

# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। मंगलवार 23 सितंबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 274 पेज-09 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







सात समंदर पार से राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को पानी-पानी कर दिया

## 'पीओके खुद कहेगा- मैं भी भारत हूं'



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मोरक्को के रबात में भारतीय समुदाय से मिले। उन्होंने पाक अधिकृत कश्मीर पर मजबूत बात कही। उन्होंने कहा कि पीओके खुद भारत का हिस्सा बनेगा। वहां के लोग नारे लगाने लगे हैं - मैं भी भारत हूं। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने भारत की प्रगति और भारतीय समुदाय की मेहनत की भी तारीफ की।

**पीओके पर राजनाथ का भरोसा :** भारतीय समुदाय से बातचीत में राजनाथ सिंह ने कहा कि पीओके हमारा होगा, बिना हमला किए। पीओके के लोग खुद मांग करने लगे हैं। आपने नारे सुने होंगे। 5 साल पहले कश्मीर घाटी में भारतीय सेना को संबोधित करते हुए मैंने कहा था कि पीओके पर हमला करने की जरूरत नहीं। वो तो हमारा ही है। पीओके खुद कहेगा - मैं भी भारत हूं। वह दिन जरूर आएगा। राजनाथ सिंह ने पीओके में हो रहे बदलाव का जिक्र किया। वहां के लोग भारत से जुड़ने की बात करने लगे हैं। यह भारत की मजबूत नीति का नतीजा है।

भारतीय समुदाय ने ऑपरेशन सिंदूर में सेना की तेज कार्रवाई की तारीफ की। यह ऑपरेशन पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर कायराना हमले के बाद किया गया। राजनाथ सिंह ने कहा कि सेना पूरी तरह तैयार थी। सरकार ने सेना को पूरी आजादी दी थी। लेकिन भारत ने संयम बरता। कार्रवाई बढ़ाने वाली नहीं थी।

उन्होंने रामचरितमानस से उद्धरण दिया कि हमने धर्म देखकर नहीं, कर्म देखकर मारा है। मतलब, हमने गलत काम करने वालों को सजा दी, लेकिन जरूरत से ज्यादा नहीं। यह भारत की मजबूत लेकिन शांतिपूर्ण नीति दिखाता है। समुदाय ने सेना की बहादुरी पर तालियां बजाईं।

# आ गया निगम कार्यकारिणी चुनाव को लेकर 24 सितंबर वाला पैगाम

## चुनाव होगा या वही सदस्य रिपीट होंगे, या फिर कोई और बना है प्लान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक सितंबर को नगर निगम कार्यकारिणी के छह सदस्य का चुनाव हुआ था। इस चुनाव को भाजपा निर्विरोध जीती थी। एक सदस्य कांग्रेस के थे और ये चुनाव फूल मालाओं में उलझकर रह गया था और इसके बाद से ही ये सस्पेंस था कि चुनाव निरस्त हुआ है या स्थगित हुआ है। लगातार ये बात चल रही थी कि कार्यकारिणी चुनाव का क्या सीन रहेगा।

सोमवार को कार्यकारिणी चुनाव का पैगाम आ गया। मेयर ने नगर आयुक्त को पत्र लिखा और उन्होंने पत्र में ये कहा कि नगर निगम कार्यकारिणी के छह सदस्यों का चुनाव होना है। इसके लिये विशेष सत्र बुलाए गए, चुनाव अति आवश्यक बताया और फिर चुनाव का स्थान और तिथि भी इसमें दी गई है। चुनाव 24 सितंबर को होगा और यह चुनाव हिंदी भवन में कराया जायेगा। महापौर कार्यालय से जो पत्र नगर आयुक्त के पास पहुंचा उसमें नगर आयुक्त से कहा गया कि वो चुनाव से संबंधित एजेंडा प्रेक्षित करा दें। नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव की ये खबर फ्लेश होते ही सदस्यों के फोन घनघनाने लगे। सभी इस बात की जानकारी ले रहे थे कि



हाई वॉल्टेज एक्शन के बाद निगम का कार्यकारिणी चुनाव निरस्त!

बिना मेयर की घोषणा के माला पहनने व जश्न को लेकर हुई नाराजगी

जीत के जश्न का माहौल कुछ देर में हंगामे और विरोध में बदला

चुनाव हो गया या फिर इसी चुनाव की घोषणा होगी।

गौरतलब है कि एक सितंबर को नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव कविनगर रामलीला मैदान में बने जानकी सभागार में हुआ। इस चुनाव में भाजपा निर्विरोध जीती थी और इसी बीच जीत वाली माला को लेकर यहां बवाल हो गया था। पार्षद जब सभागार में पहुंचे तो मेयर ने कहा कि अभी चुनाव की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है और ऐसे में कोई विजेता घोषित नहीं है और इसके बाद चुनाव निरस्त और स्थगित के बीच में झूलता हुआ समाप्ति की ओर बढ़ा। अब 24 सितंबर को फिर से चुनाव है। बताया जाता है कि पहले यह तारीख 25 सितंबर घोषित हुई थी और फिर इसमें बदलाव हुआ और फिर चुनाव की तिथि 24 सितंबर की गई। हिंदी भवन में ये चुनाव होगा। अब चुनाव को लेकर एक पक्ष का यह कहना है कि जहां चुनाव रुका था चुनाव वहीं से शुरू होगा। इसमें कोई कोर नहीं बैठेगी और चेहरे भी वही रहेंगे। निगम कार्यकारिणी के छह सदस्यों का चुनाव होगा।

### क्या यही रहेंगे फेस, क्या बदलेगा बेस

नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव की बात करें तो एक अक्टूबर को जो चुनाव हुआ था उसमें भाजपा पार्षद गौरव सोलंकी, देवनारायण शर्मा, विनील दत्त, प्रवीण चौधरी, प्रमोश यादव के नाम थे। वहीं कांग्रेस से अजय शर्मा का नाम था। अब चेहरे यही रहेंगे या कोई तब्दीली होगी इसको लेकर संगठन स्तर पर दैनिक करंट क्राइम ने जब भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से बात की तो उन्होंने बताया कि संगठन ने यही निर्णय लिया है कि जो चेहरे एक सितंबर वाली प्रक्रिया में हमारे उम्मीदवार थे, वही चेहरे 24 सितंबर वाली प्रक्रिया में भी उम्मीदवार रहेंगे।

### क्या शशि पवन गौतम का रहेगा चुनावी रोल

शशि पवन गौतम वर्तमान में निर्दलीय उम्मीवार हैं। हालांकि वो बसपा के टिकट पर चुनाव जीती थीं। उन्होंने पिछली बार चुनाव लड़ने की बात कही थी। वो विपक्ष की पार्षद हैं और यहां पर ये देखना रोचक रहेगा कि वो चुनाव लड़ने के लिये कितनी रूचि दिखाती हैं। वो चुनाव मैदान में उतरेंगी या फिर किसी को वोट सपोर्ट वाले सीन में रहेंगी।

### क्या जाकिर फिर आएंगे मैदान में

जाकिर सैफी नगर निगम के पार्षद रहे हैं, लगातार मुद्दे उठाते हैं। वो पानी को लेकर वीडियो वाली कहानी बना चुके हैं। नगर निगम की मिनट्स वाले सीन में जब लखनऊ टूर आया तो यहां बस में बैठकर जाकिर सैफी भी गए। नगर निगम में अब जाकिर सैफी भले ही पार्षद नहीं हैं, लेकिन उनके परिवार की रुखसाना सैफी पार्षद हैं और यहां पर सभी की निगाहें इस बात पर रहेगी कि क्या जाकिर सैफी फिर से इस चुनावी माहौल में आते हैं या नहीं। या फिर इस बार क्विट कर जाते हैं।

### चुनाव को लेकर निरस्त और स्थगित वाला क्या है पेंच

चुनाव फिर से होगा, क्या सदस्य फिर से वोट डालेंगे या फिर यही चेहरे रिपीट होंगे, इसको लेकर सस्पेंस हैं। पार्षदों का एक गुट ये दावा कर रहा है कि जहां चुनाव खत्म हुआ वहीं से शुरू होगा। यानी माला वाला सीन हो चुका और अब घोषणा वाला सीन होगा। छह सदस्य चुने जाने हैं और यहां पर बातते हैं कि अगर पत्र की भाषा देखें तो ये पता चल रहा है कि चुनाव निरस्त हुआ है। क्योंकि पत्र में चुनाव कराने की बात कही गई। वहीं सदन सचिव जेबी यादव से जब दैनिक करंट क्राइम ने बात की तो उन्होंने कहा कि एक सितंबर को हुआ निगम कार्यकारिणी चुनाव निरस्त हो गया था। इसलिये अब 24 सितंबर को चुनाव प्रक्रिया शुरू से होगी।

# ट्रांस हिंडन पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 9 शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली, 42 से अधिक मुकदमे दर्ज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अपराध नियंत्रण की दिशा में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने बड़ी कार्रवाई की है।



पुलिस आयुक्त के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमों के आधार पर 9 शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इन अपराधियों पर गैंगस्टर, धोखाधड़ी, चोरी और नकबजनी जैसे गंभीर आरोप हैं।



डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि इन 9 अपराधियों के खिलाफ गाजियाबाद व अन्य जनपदों के थानों में अब तक 42 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनकी लगातार निगरानी की जाएगी ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहे।

पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई अपराधियों पर अंकुश लगाने और भविष्य में होने वाली आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए की गई है। इनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए स्थानीय पुलिस को विशेष निर्देश दिए गए हैं।

### हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की सूची

- सलमान : निवासी न्याय खंड, थाना इंदिरापुरम, 5 मुकदमे
- सिंकू : निवासी कनावनी, थाना इंदिरापुरम, 5 मुकदमे
- सुभाष धोबी : निवासी सेक्टर-17, वसुंधरा, थाना इंदिरापुरम, 5 मुकदमे
- हिमांशु शर्मा : निवासी श्याम पार्क, थाना साहिबाबाद, 5 मुकदमे
- जुनैद उर्फ बुन्नू : निवासी शहीदनगर, थाना साहिबाबाद, 4 मुकदमे
- सुमित शर्मा : निवासी शिव मंदिर के पास, झंडापुर, थाना लिंक रोड, 4 मुकदमे
- नदीम : निवासी कीरतपुर बिजनौर (वर्तमान : शालीमार गार्डन), 4 मुकदमे
- शद्दाम : निवासी कीरतपुर बिजनौर (वर्तमान : शालीमार गार्डन, राजीव कॉलोनी), 4 मुकदमे
- समीर उर्फ फैजान उर्फ बब्बर : निवासी राजीव कॉलोनी, थाना शालीमार गार्डन, 6 मुकदमे

# निगम कर्मचारियों के सम्मेलन में मेयर ने दिया लीकेज का संदेश, कहा फाइल पहुंचने से पहले आ रहे हैं मेरे पास फोन

## सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह में मेयर ने रखी यह बात

**सुनीता दयाल ने कहा कि फाइल आने से पहले उनके पास फाइल वालों के फोन आने शुरू हो जाते हैं। बातों ही बातों में मेयर ने जहां नगर निगम के अंदर के सिस्टम पर सवाल खड़े किए हैं।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद की महापौर और प्रथम नागरिक सुनीता दयाल के बोल हमेशा ही चचाओं में रहते हैं और वह नगर निगम की लापरवाही से लेकर कूड़ा उठाने और फेंक जाने के खेल से लेकर नगर निगम के कर्मचारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाती हैं। तो अतिक्रमण करने वालों से लेकर भूमि कब्जाने वालों को करारा जवाब भी देने का काम करती हैं। सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में नगर निगम कर्मचारी यूनियन का शपथ ग्रहण समारोह था। इस कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल मंच पर मौजूद थी, तो उन्होंने अपने विभाग वालों को अपने ही अंदाज में अपने भाषण में मंच से कहा की वह कर्मचारियों को बधाई तो देती हैं, लेकिन जिस तरीके से सिस्टम में इन दिनों लीकेज चल रही है, वह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि फाइल आने से पहले उनके पास फाइल वालों के फोन आने शुरू हो जाते हैं। बातों ही बातों में मेयर ने जहां नगर निगम के अंदर के सिस्टम पर सवाल खड़े किए हैं। तो वहीं कर्मचारियों की मिली भगत को लेकर भी उन्होंने स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि उनको अंदर खाने चल रही लीकेज कतई पंसद नहीं है।

# आज राजा जनक बनकर सांसद अतुल गर्ग करेंगे मां सीताजी की विदाई

### - विधायक संजीव शर्मा, अध्यक्ष मयंक गोयल, पार्षद राजीव शर्मा बनेंगे मां सीताजी के भाई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर की सबसे पुरानी रामलीला में इस बार मां सीताजी की विदाई का दृश्य बेहर मनोरम होगा। शहर का एक जुड़ाव इस भावनात्मक तरीके से होगा जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। इस बार मां सीताजी की विदाई भव्य तरीके से होगी। आमतौर पर सुल्लामल रामलीला कमेटी की राम बारात भव्य मानी जाती है और अगले दिन मां सीता की विदाई का दृश्य ऐसा होता है कि सभी भक्त भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं। इस बार रामलीला कमेटी ने मां सीता की विदाई के लिये भव्य तैयारी की है और यहां पर इसमें भावनात्मक रूप से तब जनजुड़ाव होगा जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग विदाई समारोह के दौरान राजा जनक बनकर मां सीता की विदाई करेंगे। सबसे खास बात ये रहेगी कि यहां शहर विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और क्षेत्रीय पार्षद राजीव शर्मा यहां मां सीताजी के भाई का किरदार इस विदाई समारोह में निभाएंगे।



नवयुग मार्किट में दुर्गा भाभी चौक पर यह भव्य कार्यक्रम शाम को साढ़े सात बजे आयोजित होगा। इस समय यहां बेहद भव्य नजारा होगा जब रामलीला मंचन में मां सीताजी की विदाई का दृश्य होगा। इसके लिये विशेष रूप से डोली का निर्माण सहारणपुर में करवाया गया है। डोली को एक रथ पर रखा जाएगा और जब यह कार्यक्रम नवयुग मार्किट में शुरू होगा तो यहां पर डेढ़ सौ परिवार मौजूद रहेंगे। इसके लिये विशेष व्यवस्था की गई है। यहां भोजन की विशेष व्यवस्था है और यह पूरा आयोजन क्षेत्रीय पार्षद राजीव शर्मा के संयोजन में स्थानीय शिव मंदिर समिति के तत्वावधान में हो रहा है। पार्षर राजीव शर्मा ने इस कार्यक्रम को भव्य स्वरूप दिया है। उन्होंने क्षेत्र की जनता को यहां भावनात्मक रूप से जोड़ा है।

स्थानीय लोग अपने परिवारों के साथ रहेंगे। मां सीता की विदाई का दृश्य बेहद मनोरम रहेगा, इसके लिये दिल्ली की टीमें बुलाई गई हैं, उच्च कोटि का साउंड सिस्टल लगाया गया है। यहां पर कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता ये है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इस पूरे मंचन के दौरान सबसे अहम किरादार में होंगे। वो यहां राजा जनक की भूमिका में होंगे और वो राजा जनक वाले किरदार में ही मां सीता की विदाई करेंगे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग सीता विदाई समारोह के स्वागत अध्यक्ष हैं। वहीं शहर विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल तथा क्षेत्रीय पार्षद राजीव शर्मा जनक सुता मां सीता के भाई का किरदार निभाएंगे।

# यशोदा मेडीसिटी ने किया 'यशोदा हाफ मैराथन 3.0' रन फॉर योर हार्ट का भव्य अनावरण

## विश्व हृदय दिवस से पूर्व हृदय स्वास्थ्य और सामुदायिक फिटनेस को समर्पित अनूठी पहल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली-एनसीआर के प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थानों में अग्रणी यशोदा मेडीसिटी ने आज ह्ययशोदा हाफ मैराथन 3.0 'रन फॉर योर हार्ट' का लोगो, मेडल और टी-शर्ट का शानदार अनावरण किया। इस विशेष अवसर पर अस्पताल के नेतृत्व और प्रशासनिक जगत के कई विशिष्ट अतिथि एक मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दीपक अग्रवाल (आईएएस, प्रबंध निदेशक, नाफेड), अभिनव गोपाल (आईएएस, मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद), विक्रमादित्य सिंह मलिक (आईएएस, नगर आयुक्त, गाजियाबाद), निमिष पाटिल (आईपीएस, डीसीपी, ट्रांस-हिंडन) और अतुल वत्स (उपाध्यक्ष, जीडीए) ने भाग लिया। इन सभी ने यशोदा मेडीसिटी की इस पहल को समाज के लिए प्रेरक और उपयोगी बताया। रविवार, 28 सितम्बर 2025 को सुबह





5:30 बजे होने वाली इस हाफ मैराथन में लगभग 3,000 प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है। दौड़ चार श्रेणियों (21.1 किमी, 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी) में होगी। विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। मंच पर आयोजित पैनल डिस्कशन में यशोदा मेडीसिटी की कार्डियोलॉजिस्ट टीम ने हृदय रोगों की बढ़ती चुनौतियों, निवारक देखभाल और हर आयु वर्ग में फिटनेस की आवश्यकता पर विशेष प्रकाश डाला।

डॉ. पी.एन. अरोड़ा (चेयरमैन एवं एमडी, यशोदा मेडीसिटी) ने कहा स्वास्थ्य ही वास्तविक संपत्ति है। आज जब सभी उम्र वर्गों में हृदय रोगों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है, हमारा 'रन फॉर योर हार्ट' अभियान लोगों को जागरूक करने और उन्हें रोजाना कम से कम 30 मिनट शारीरिक गतिविधि के लिए प्रेरित करता है। यह मैराथन सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि समुदाय को जोड़ने और हृदय स्वास्थ्य की दिशा में ठोस कदम है। यशोदा मेडीसिटी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर शुभांग अरोड़ा ने भी कहा हृदय के लिए दौड़ना, जीवन के लिए दौड़ने का प्रतीक है। हमें गर्व है कि इस मंच के जरिए हम हजारों लोगों को फिटनेस और जागरूकता की राह पर आगे बढ़ा रहे हैं।

### सामाजिक योगदान की निरंतर परंपरा

यशोदा मेडीसिटी लंबे समय से समाज सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों से जुड़ी रही है। नि:शुल्क जांच शिविर, रक्तदान अभियान और विभिन्न सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से यह संस्थान गाजियाबाद और एनसीआर में स्वास्थ्य जागरूकता को नई ऊँचाई दे रहा है। यशोदा हाफ मैराथन 3.0 भी इसी संकल्प की एक मजबूत कड़ी है।

# जीएसटी सुधारों से किराने का बिल 13 प्रतिशत कम होगा
# छोटी कार खरीदने पर 70000 रुपये बचेंगे




**नई दिल्ली।** सरकारी अनुमान के अनुसार, स्टेशनरी, कपड़े, जूते और दवाइयों की खरीद पर 7-12 प्रतिशत की बचत होगी। वहीं, व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों के मामले में यह बचत 18 प्रतिशत तक हो सकती है। सोमवार से लागू हुए जीएसटी 'नेक्स्ट-जेन' सुधार के तहत किराना, कृषि उपकरण, कपड़े, दवाइयाँ और ऑटोमोबाइल समेत 375 वस्तुएं सस्ती हो गईं।

जीएसटी के तहत होने वाले सुधारों से किराने और दैनिक उपयोग के लिए जरूरी वस्तुओं के घरेलू बिल में 13 प्रतिशत की बचत होने का अनुमान है। जीएसटी की नई दरें सोमवार से लागू हो गई हैं। जीएसटी 2.0 से एक छोटी कार खरीदने वाले को करीब 70,000 रुपये की बचत हो सकती है।

सरकारी अनुमान के अनुसार, स्टेशनरी, कपड़े, जूते और दवाइयों की खरीद पर 7-12 प्रतिशत की बचत होगी। वहीं, व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों के मामले में यह बचत 18 प्रतिशत तक हो सकती है। सोमवार से लागू हुए जीएसटी 'नेक्स्ट-जेन' सुधार के तहत किराना, कृषि उपकरण, कपड़े, दवाइयाँ और ऑटोमोबाइल समेत 375 वस्तुएं सस्ती हो गईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सुधार को 'जीएसटी बचत उत्सव' करार दिया है।

सरकार के अनुमानों के मुताबिक 1800 सीसी तक के ट्रैक्टरों की खरीद पर खरीदारों को 40,000 रुपये की बचत होगी। ट्रैक्टरों पर जीएसटी की दर 12-18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है।

बाइक/स्कूटर (350 सीसी तक) खरीदने पर 8,000 रुपये की बचत होगी। टीवी (32 इंच से ऊपर) पर 3,500 रुपये की बचत होगी। एयर कंडीशनर खरीदने पर 2,800 रुपये की बचत होगी। इन वस्तुओं पर जीएसटी दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है।

जीएसटी की नई दरें लागू होने से पहले पीएम मोदी ने रविवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा था कि 'जीएसटी बचत उत्सव' और बजट में आयकर छूट की सीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने से लोगों को दोहरा लाभ मिलेगा। पीएम ने जीएसटी दरों में कटौती और आईटी छूट सीमा में बढ़ोतरी से परिवारों को सालाना 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत करने में मदद मिलेगी।

पीएम मोदी ने कहा, अब गरीब, नव-मध्यम वर्ग और मध्यम वर्ग को दोहरा लाभ मिल रहा है। जीएसटी में कमी से उनके लिए अपने सपने पूरे करना आसान हो जाएगा। सोमवार से प्रभावी जीएसटी 2.0 एक दो-स्तरीय संरचना है। इसमें अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं पर क्रमशः 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर से कर लगेगा। विलासितापूर्ण वस्तुओं पर 40 प्रतिशत कर लगेगा। हालांकि, तंबाकू और संबंधित उत्पाद 28 प्रतिशत कर और अतिरिक्त उपकर की श्रेणी में बने रहेंगे।

### पीएम मोदी ने देशवासियों को लिखा खुला पत्र
### दुकानदारों से की 'मेड इन इंडिया' उत्पाद बेचने की अपील

जनता को लिखे पत्र में पीएम मोदी ने कहा कि नई पीढ़ी के जीएसटी सुधार अब असर दिखाने लगे हैं और पूरे देश में 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुरूआत हो चुकी है। पीएम ने कहा कि ये सुधार आम जनता की बचत बढ़ाएंगे और समाज के हर वर्ग को सीधा फायदा देंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'जीएसटी बचत उत्सव' पर देशवासियों को खुला पत्र लिखा है। पीएम मोदी ने लोगों को लिखे पत्र में कहा, इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है। 22 सितंबर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुरूआत हो गई है। इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा।

## पीएम मोदी ने अरुणाचल को दी 5100 करोड़ की सौगात
## बोले- पूर्वोत्तर के राज्य हमारे लिए अष्टलक्ष्मी



**ईटानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 5,100 करोड़ से ज्यादा रुपये की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें दो बड़े जलविद्युत प्रोजेक्ट, तवांग में कन्वेंशन सेंटर और कनेक्टिविटी व स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर के राज्य अष्टलक्ष्मी हैं और सरकार उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से मिलकर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान भी किया।

अरुणाचल प्रदेश के इटानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 5,100 करोड़ से ज्यादा रुपये के महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। समारोह इंदिरा गांधी पार्क में आयोजित किया गया। पीएम ने शि योमी जिले में दो बड़े जलविद्युत प्रोजेक्ट्स और तवांग में एक कन्वेंशन सेंटर की आधारशिला रखी। पीएम ने पूर्वोत्तर राज्यों के लिए कहा कि ये हमारे लिए अष्टलक्ष्मी हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां इन राज्यों के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण के लिए हैं। उन्होंने पिछले कई वर्षों में पिछली सरकारों द्वारा अरुणाचल प्रदेश के विकास की अनदेखी की तुलना में केंद्र की उपलब्धियों को रेखांकित किया और कहा कि नेक नियत के सही नतीजे अब दिख रहे हैं।

**हिमालय की गोद में आज माता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ- पीएम**

उन्होंने आगे संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में जब देशवासियों ने उन्हें सेवा का अवसर दिया तो उन्होंने कांग्रेसी सोच से देश को मुक्त करने का संकल्प लिया। मोदी ने स्पष्ट किया कि उनकी प्रेरणा किसी राज्य में वोट और सीटों की संख्या से नहीं, बल्कि राष्ट्र को सर्वोपरि रखने की भावना से आती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित ही उनके हर फैसले की नींव है। मोदी ने अपने अरुणाचल दौरे को तीन कारणों से विशेष बताया। पहला, नवरात्र के शुभ अवसर पर हिमालय की गोद में स्थित इस भूमि पर आकर मां शैलपुत्री का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

दूसरा, देश में नेक्सट जेन जीएसटी सुधार लागू हुए और ऋ्ख बचत उत्सव की शुरूआत हुई, जिससे त्योहारों के मौसम में जनता को डबल बोनस मिला। तीसरा, अरुणाचल प्रदेश में कई बड़े परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया, जो राज्य के विकास को नई गति देंगे। मोदी ने कहा कि तवांग मठ से नमसाई तक अरुणाचल शांति और संस्कृति का अद्भुत संगम है और मां भारती का गौरव है।

# तीन घंटे की सम्पूर्ण रामायण बनी सबके आकर्षण का केन्द्र
## श्री धार्मिक रामलीला समिति, कविनगर द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव 2025





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** श्री धार्मिक रामलीला समिति (पंजीकृत), कविनगर के तत्वावधान में आयोजित रामलीला महोत्सव 2025 रविवार को भक्ति और उत्सव का अनूठा संगम बना। कार्यक्रम का शुभारंभ इंदरापुरम स्थित कला उद्भव केन्द्र की छात्राओं ने किया, जिन्होंने श्रीमती संगीता चटर्जी के निर्देशन में विविध भारतीय नृत्यों की ऐसी मोहक प्रस्तुति दी कि पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके बाद शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां भगवती की आरती ने सभी श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

**रामायण मंचन खींच रहा है भीड़ :** प्रतिदिन शाम 7:30 बजे से रात 11 बजे तक मंचित होने वाली तीन घंटे की सम्पूर्ण रामायण इस बार विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक के सभी प्रसंग जीवंत मंचन में देखने को मिल रहे हैं।

- राक्षसों के उत्पीड़न से त्रस्त ऋषियों की पुकार
- देवी-देवताओं द्वारा विष्णु का आह्वान
- भगवान राम द्वारा ताड़का वध
- सीता स्वयंवर का रोमांचक दृश्य

ये सभी प्रसंग दर्शकों को भावविभोर कर रहे हैं और खासकर युवाओं और बच्चों में सांस्कृतिक विरासत के प्रति नई रुचि जगा रहे हैं।





**मेले का स्वाद भी खास :** रामलीला के साथ लगे मेले में चाट-पकौड़ी और विभिन्न राज्यों के व्यंजन भी दर्शकों को खूब भा रहे हैं। धार्मिक आस्था और स्वाद का यह संगम महोत्सव को और भी खास बना रहा है।

**समिति का उद्देश्य :** समिति का कहना है कि इस प्रकार का मंचन कराने का मुख्य उद्देश्य आज की पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ना है। जब आधुनिक जीवनशैली ने रामलीला से जुड़ाव को कमजोर कर दिया था, तब समिति की यह पहल दर्शकों को फिर से खींच लाई है।

**मौजूद रहे गणमान्य :** आज के कार्यक्रम में अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा, गुलशन बजाज, अजय जैन, दिवाकर सिंघल, तरुण चौटानी, नवेन्दु सक्सैना, डी.पी. कौशिक, पवन गुप्ता, जगत शर्मा, दिव्यांशु सिंघल सहित अनेक पदाधिकारी एवं भक्तगण मौजूद रहे।

## पीएम साहब... पहले खुद विदेशी जहाज और अमेरिकी कंपनियां छोड़ो : केजरीवाल





**दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी पर एक बार फिर से निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर स्वदेशी अपील पर तीखा प्रहार किया। केजरीवाल ने कहा कि जनता से स्वदेशी अपनाने की बात करने से पहले खुद विदेशी जहाज, सामान और अमेरिकी कंपनियां छोड़ें, साथ ही ट्रंप के अपमान पर सख्त कदम उठाएं।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक बार फिर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी, आप चाहते हैं कि जनता स्वदेशी इस्तेमाल करे। एक्स पर अरविंद केजरीवाल ने लिखा कि आप खुद स्वदेशी इस्तेमाल करना शुरू कीजिए? जिस विदेशी जहाज से रोज घूमते हैं। उसे छोड़ दीजिए। सारा दिन जितने विदेशी समान इस्तेमाल करते हैं। उन्हें छोड़ दीजिए।

आगे कहा कि आप भारत में काम कर रही चार अमेरिकी कंपनियों को बंद कर दीजिए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रोज भारत और भारतीयों का अपमान करते हैं। आप भी तो कुछ कीजिए? लोग अपने प्रधान मंत्री से एक्शन की उम्मीद रखते हैं।

## उत्तर प्रदेश की दलित राजनीति के लिए महत्वपूर्ण होगी 9 अक्टूबर की तारीख
### बसपा के साथ अब आजाद समाज पार्टी ने भी कांशीराम के महापरिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश की दलित राजनीति को लेकर अब दो दलों के बीच जबरदस्त रस्साकशी शुरू हो गई है। एक ओर जहां बसपा की ओर से पार्टी के संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ में बड़ी जनसभा करने का ऐलान किया गया है तो वही दलित राजनीति के उभरते हुए खिलाड़ी नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने भी उसी दिन और लखनऊ में ही बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने का ऐलान कर दिया है। उल्लेखनीय है कि चंद्रशेखर आजाद ने खुद को कांशीराम की विरासत को संभालने का अपरोक्ष रूप में घोषणा कर दी है। उन्होंने अपनी पार्टी का नाम आजाद समाज पार्टी कांशीराम रखा है। हर मंच पर वह कांशीराम को दलितों का मसीहा कहते हुए उनकी जमकर तारीफ करते हैं। जबकि बसपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती कांशीराम की विरासत को संभाली हुई हैं।

विधानसभा चुनाव से पहले दलित राजनीति को लेकर दो दलों के बीच दावे प्रति दावे से दलित राजनीति अब दिलचस्प मोड़ पर आ गई है। दलित राजनीति के भरोसे उत्तर प्रदेश में आजाद समाज पार्टी पैर पसारने में लगी हुई है। पार्टी ने 2024 में दलित राजनीति के बलबूते पर ही नगीना सीट पर जीत हासिल करने में कामयाबी हासिल की है।

वही उत्तर प्रदेश में अपनी खोई हुई जमीन को पाने में बसपा मजबूती से प्रयास कर रही है। इसी कोशिश में पार्टी की ओर से 9 अक्टूबर को कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ में विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। इस जनसभा में पूरे प्रदेश से दलितों को लाने के लिए बसपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है बसपा सूत्रों का कहना है कि दलित राजनीति में एक बार फिर 9 अक्टूबर को करवट आएगी और जिस तरह 2007 में दलित समाज ने बसपा को वोट किया था 2027 में भी दलित समाज बसपा को ही वोट करेगा।

वही दलितों को अपनी ओर करने के लिए आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कांशीराम का सहारा लिया है।

पार्टी कांशीराम के नाम का जमकर उपयोग कर उत्तर प्रदेश में अपनी जड़े मजबूत करने में जुट गई है। पार्टी की ओर से 9 अक्टूबर को भाईचारा बनाओ अस्तित्व बचाओ ओबीसी अधिकार महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि आजाद समाज पार्टी बहुजन समाज पार्टी की लीक पर ही चलकर दलितों को अपनी ओर करने की कोशिशें में जुट गई है। बसपा भी दलित समाज को स्वाभिमान बचाओ अस्तित्व बचाओ का नारा देकर अपनी ओर करने में लगी रही है। बसपा के संस्थापक कांशीराम ने दलितों को एकजुट करने और उनके अधिकारों के प्रति सजग करने के लिए जो आंदोलन चलाया था उसे अब बसपा अध्यक्ष मायावती चला रही है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों के दौरान मायावती के शिथिल पड़ने पर दलित राजनीति में ऊहापोह की स्थिति आ गई है। जिसका फायदा उठाते हुए भाजपा ने दलित वोट बैंक पर बड़ी सेंधमारी की है। अब जब विधानसभा चुनाव होने में महज डेढ़ साल बाकी है ऐसे में दलित राजनीति को लेकर एक बार फिर से रस्साकशी शुरू हो गई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि उत्तर प्रदेश की दलित राजनीति में अब किसका ज्यादा दखल होगा इस बात का पता 9 अक्टूबर को चल जाएग, जब बसपा के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर दोनों ही दलित पार्टियां उनकी विरासत को संभालने को लेकर ताकत का इजहार करेगी।

# नगर निगम गाजियाबाद कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम गाजियाबाद कर्मचारी संघ का चुनाव दिनांक 29 अगस्त 2025 को संपन्न हुआ था। इस चुनाव में अनुराग नागर को अध्यक्ष, मयूर गिरधर को उपाध्यक्ष, महेंद्र प्रताप (मोंटी) को महामंत्री, भीम सिंह यादव को उपमंत्री, आकाश शर्मा को संगठन मंत्री, सिराज अब्बासी को प्रचार मंत्री, सुनील शेट्टी को कोषाध्यक्ष तथा विक्रम सिंह को कार्यालय मंत्री पद पर निर्वाचित किया गया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर सुनीता दयाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नग आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान महापौर ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस गरिमामयी अवसर पर नगर निगम प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों में जंग बहादुर सिंह यादव (अपर नगर आयुक्त), अवनींद्र कुमार (अपर नगर आयुक्त), डॉ. मिथिलेश कुमार (नगर स्वास्थ्य अधिकारी), एन.के. चौधरी (मुख्य अभियंता), के.पी. आनंद (महाप्रबंधक जल), श्रीमती पल्लवी सिंह (सहायक नगर आयुक्त समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह में कई पार्षद भी मौजूद थे इनमें प्रवीण चौधरी राजकुमार नगर अजय शर्मा विल दत्त हिमांशु चौधरी मदन राय शीतल देओल विनय चौधरी नरेश जाटव दिलशाद नितिन कुमार शामिल थे।

मुख्य चुनाव अधिकारी बृजमोहन सिंघल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र प्रदान किया साथ ही सभी विजई प्रत्याशियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। महापौर सुनीता दयाल ने सभी पदाधिकारी को शपथ लेने पर बधाई दी।

# आठवीं वाहिनी एनडीआरएफ परिसर में शारदीय नवरात्र पर नवदुर्गा की प्रतिमा का विधि विधान से किया गया स्वागत




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कमला नेहरू नगर स्थित आठवीं वाहिनी एनडीआरफ परिसर में शारदीय नवरात्रि के मौके पर माँ नवदुर्गा की प्रतिमा का विधि-विधान एवं भव्य जुलूस यात्रा के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारीगण, रेस्क्यूअर्स तथा उनके परिजनों ने श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक भाग लिया। वाहिनी के बैंड द्वारा माता के भजनों एवं मंगलध्वनियों ने पूरे वातावरण को दिव्य और आध्यात्मिक बना दिया।

प्रतिमा का पूजन-अर्चन प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी वाहिनी के डीआईजी प्रवीण कुमार तिवारी तथा नावा अध्यक्षा डॉ. अनुपमा गौतम ने पूरे बल की ओर से पूजा अर्चना की।

नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत नौ दिनों तक माँ दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना एवं विशेष अनुष्ठान संपन्न होंगे। इस दौरान वाहिनी परिवार सामूहिक रूप से आराधना कर सुख-शांति, समृद्धि तथा राष्ट्र की सुरक्षा और कल्याण की मंगलकामना करेगा।

डीआईजी प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव का प्रतीक है बल्कि वाहिनी परिवार के बीच आपसी एकजुटता, आध्यात्मिकता और राष्ट्रीय सेवा भाव को भी और सशक्त करता है।

# त्योहारों पर मिलावटखोरों पर कसा शिकंजा गाजियाबाद में धड़ाधड़ उठे 54 नमूने
### स्वीट्स से लेकर किराना स्टोर्स तक-खाद्य सुरक्षा टीमों की बड़ी कार्रवाई, मिलावटियों में खलबली

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवरात्रि और दशहरा से पहले गाजियाबाद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें सड़कों पर उतर आईं। मिलावटखोरों पर नकेल कसते हुए अब तक 54 खाद्य पदार्थों के नमूने उठाए जा चुके हैं। अचानक हुई इस कार्रवाई ने मिठाई विक्रेताओं से लेकर बड़े-बड़े रिटेल स्टोर्स तक में हड़कंप मचा दिया। सहायक आयुक्त (खाद्य) अरविंद कुमार यादव ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर गठित पाँच टीमों ने 18 सितंबर से लगातार छापेमारी शुरू की है।





**किन-किन जगहों से उठे नमूने?**

- दीपांशी स्वीट्स, प्रताप विहार से मोहन भोग मिठाई
- इनोवेटिव रिटेल कॉन्सेप्ट्स, लोनी रोड से सिंघाड़ा आटा, कुट्टू आटा, साबूदाना
- विजय नगर में वरुण व दीपक की दुकानों से समा चावल व सिंघाड़ा आटा
- मिठन्नलाल किराना स्टोर, डासना से चैलाई लड्डू, मूंगफली दाना, हल्दी पाउडर
- रिलायंस मार्ट (इंदिरापुरम व राजेंद्र नगर) से मखाना, साबूदाना, नमक
- डी-मार्ट, भोपुरा रोड से मखाना और साबूदाना
- लोहिया नगर स्थित अनुज त्यागी के प्रतिष्ठान से दूध व दही
- बालाजी प्रोविजन स्टोर, पटेल मार्ग से खाद्य तेल और सेंधा नमक
- जयसवाल किराना स्टोर, मोरटा से कुट्टू आटा, सिंघाड़ा आटा और घी
- मोर रिटेल, राजनगर एक्सटेंशन से मूंगफली दाना, किशमिश और काजू

**आगे क्या होगा?**

सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत कड़ी कार्रवाई होगी।

### चुनाव के बाद खर्च का नहीं दिया हिसाब, आयोग ने आजाद समाज पार्टी सहित 127 दलों को जारी किया नोटिस

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के बाद खर्च का ब्योरा न देने के कारण राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 127 राजनीतिक दलों को नोटिस जारी किया है। यूपी में विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद चुनाव में खर्च का ब्योरा न देने के कारण राज्य निर्वाचन आयोग ने आजाद समाज पार्टी सहित प्रदेश के 127 राजनीतिक दलों को नोटिस जारी किया है। जारी की गई नोटिस में कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्रावधानों के अंतर्गत प्रदेश के 127 राजनीतिक दलों ने 2021-22, 2022-23 और 2023-24 का वार्षिक ब्योरा पेश नहीं किया है। वहीं, इन दलों ने 2019 के बाद लोकसभा चुनाव और राज्य विधानसभा चुनाव में प्रतिभाग किया पर अपने खर्च का ब्योरा नहीं दिया।

**सूचना**

हम, बाला देवी पत्नी ब्रह्मा सिंह व ब्रह्म सिंह पुत्र स्व, मुंशी राम, नि, 1038, गली न,2, कुम्हारों वाली, शिवपुरी, विजयनगर, गा, बाद, हमने अपने पुत्र सूरज कुमार एवं पत्नी रेशमा के गलत व्यवहार, लडाई झगड़े एवं मारपीट के कारण, अपने सभी सम्बंध समाप्त कर चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है सूरज एवं रेशमा के किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी हमारी नहीं होगी।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# गोबर से चमकेगी गाजियाबाद की दीवारें
## नगर निगम ने बनाया 500 लीटर पेंट

**नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने लिया प्लांट का जायजा, महापौर करेंगी उद्घाटन**








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम ने एक ऐसी पहल की है जो न केवल शहर बल्कि देश के लिए गर्व का विषय बन सकती है। गोबर से पेंट बनाने का अनूठा प्रयोग अब हकीकत में बदल रहा है। नंदी पार्क गौशाला में स्थापित हो रहा प्राकृतिक पेंट निर्माण प्लांट नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निरीक्षण में तेजी से आगे बढ़ रहा है। निमार्णाधीन प्लांट में लगे उपकरणों से पहला ट्रायल सफल रहा, जिसमें 500 लीटर डिस्टेंपर तैयार किया गया। इस पेंट का उपयोग फिलहाल नंदी पार्क गौशाला में किया जाएगा।

नगर आयुक्त ने जानकारी दी कि आगामी चरणों में डिस्टेंपर और इमल्शन पेंट का उत्पादन होगा और दीपावली से पहले इनका उपयोग गाजियाबाद के सरकारी दफ्तरों में किया जाएगा। कार्य पूरा होते ही महापौर स्वयं इस प्लांट का शुभारंभ करेंगी। इस पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी जोड़ा जाएगा, जिससे यह योजना सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक बनेगी। गाजियाबाद नगर निगम की यह पहल ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज 2025 का हिस्सा है, और शहर को पर्यावरण संरक्षण तथा नवाचार के क्षेत्र में विश्वस्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रोजेक्ट साबित करता है कि ह्रकचरा नहीं, संसाधन है– बस सही सोच और तकनीक से उसे नया जीवन दिया जा सकता है।

# ई-रिक्शा में सफर होगा सुरक्षित, अब हर ई-रिक्शा को दिया गया जोनवार बारकोड, सेफ सिटी के तहत महिलाओं को मिलेगी अब बेहतर सुविधाएं

**- लगभग 37000 ई-रिक्शा का डाटा जुटा रही है गाजियाबाद पुलिस**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में पुलिस मिशन शक्ति के 5.0 अभियान के तहत प्रतिदिन महत्वपूर्ण फैसला ले रही है। तो अब पुलिस कमिश्नरेट में लगभग 3 लाख महिलाओं को सुरक्षित और आरामदायक सफर देने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में यातायात पुलिस द्वारा ई-रिक्शाओं को यूनिक बारकोड और कलर स्टीकर जोनवार प्रदान किया गया है।

अब एक क्लिक करने पर आम जनता से लेकर पुलिस के पास उस ई-रिक्शा का संपूर्ण डाटा चालक से लेकर उसके चालक का पता और वह किस रूट पर संचालित होता है, इसकी डिटेल उपलब्ध हो जाएगी। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर सोमवार को एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने वाहनों के अभियान की शुरूआत कराई है। तो वहीं एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने कहा है की सुरक्षा के लिहाज से एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।





### 5 जोन बनाकर पांचो जोन को दिए गए हैं अलग-अलग रंग के बारकोड स्टीकर

करंट क्राइम : गाजियाबाद जिले के अंदर लगभग 37000 से अधिक ई-रिक्शा हैं। ई-रिक्शा अधिक संख्या में संचालित होने की वजह से कई स्थानों पर जाम और अतिक्रमण का कारण बनते हैं। तो सड़क हादसो में भी इनकी वजह से लोगों की जान जाती है। सेफ सिटी योजना के तहत नगर जोन के ई-रिक्शा को लाल कलर का स्टीकर दिया गया है। लाल कलर वाले ई-रिक्शा विजयनगर, कोतवाली, सिहानी गेट, कवि नगर, नंदग्राम, मधुबन बापूधाम, क्रॉसिंग रिपब्लिक, वेव सिटी और मसूरी इलाके के लिए पंजीकृत किए जाएंगे। तो वहीं ट्रांस हिंडन जोन में हरे रंग का स्टीकर बारकोड रहेगा। जो इंदिरापुरम, खोड़ा,कौशांबी, लिंक रोड में ई-रिक्शाओं के लिए वैद्य रहेगा। साहिबाबाद जोन के लिए नीले कलर का क्यूआर कोड बनाया गया है। जिसमें साहिबाबाद, शालीमार गार्डन, टीलामोड़ को पंजीकृत किया जाएगा। वहीं लोनी को पीले रंग का स्टीकर प्रदान किया गया है। जिसमें लोनी, लोनी बॉर्डर, अंकुर विहार, ट्रॉनिका सिटी के थानाक्षेत्र के अंतर्गत ई-रिक्शाओं का पंजीकरण होगा। तो वहीं मोदीनगर जो नारंगी रंग का स्टीकर लगाया गया है। इसमें मोदीनगर, मुरादनगर, भोजपुर और निवाड़ी को शामिल किया गया है।

### पहले चरण में 200 ई-रिक्शा सॉफ्टवेयर में किए गए अपडेट

करंट क्राइम : एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने जानकारी दी है की प्रथम चरण में महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस प्रणाली का नवरात्र के प्रथम दिन शुभारंभ किया गया है। इसका मकसद पुलिस को उन सभी ई-रिक्शाओं का रिकॉर्ड मिल जाएगा और डाटा अपडेट होगा, जो अलग-अलग रूट पर संचालित हैं। वहीं पुलिस के अधिकारियों ने बताया है कि जो गाजियाबाद नंबर के ई-रिक्शा नहीं हैं, उन्हें जिले में नहीं चलने दिया जाएगा। पहले दिन 200 ई-रिक्शा सॉफ्टवेयर और बारकोड के साथ अपडेट किए गए हैं। इस अवसर पर एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन यातायात के अलग-अलग निरीक्षक और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### सामान चोरी होने, दुर्घटना और वारदात होने पर बारकोड से होगी चालक की पहचान



करंट क्राइम : गाजियाबाद को सेफ सिटी में डेवलप करने के लिए पुलिस ने एक नई योजना शुरू की है। जिसके तहत सभी ई-रिक्शा का क्यूआर कोड स्कैन करवाया जा रहा है। उसको एक यूनिक आईडी नंबर दिया जा रहा है। साथ ही अलग-अलग जोन में अलग-अलग रंग के स्टीकर लगाए जाएंगे ताकि उनके जोन की पहचान हो सके। सबसे ज्यादा फायदा उन लोगों को होगा कि अगर किसी ई -रिक्शा चालक द्वारा किसी यात्री के साथ वारदात की गई। उसका कोई सामान छूटता है या कोई अन्य लापरवाही होती है, तो रंग वाले बारकोड से पुलिस से आसानी तक चालक तक पहुंच पाएगी।

# अच्छा लगता है जब गाजियाबाद का ब्रांड दिखता है पूरे देश में
## हवा अच्छी, ठंडक सच्ची, समरकूल लाइफ बनाए वंडरफुल







**संजीव गुप्ता एक ऐसा व्यक्तित्व हैं जिन्होंने राजनीति से लेकर समाजसेवा और कारोबार से लेकर परोपकार तक अपनी एक पहचान बनाई है। उन्होंने एक ऊंचाईयां छूने का संकल्प पूरा किया है और सबसे बड़ी बात ये है कि वो अपने शहर गाजियाबाद को नहीं भूले हैं। वो अपने हर उत्पद में गाजियाबाद को कनेक्ट करके चलते हैं और ये फीलिंग संजीव गुप्ता ने आम आदमी को दी है।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जब हमारे देश का ब्रांड विदेश में नाम कमाता है तो हमें गर्व की अनुभूति होती है। हमारे देश में बने उत्पाद अपनी गुणवत्ता से विदेशों में भी एक पहचान बनाते हैं। इसी तरह जब हम कभी अपने ही देश में किसी दूसरे राज्य में जाते हैं और वहां हमें अपने शहर का अपने जिले का कोई ब्रांड अपनी गुणवत्ता के कारण बाजार में अपनी साख के साथ जमा नजर आता है तो यकीन मनिए कि उस शहर के हर निवासी का सीना गर्व से फूल जाता है।

अपने शहर का ब्रांड प्रदेश में, देश में और अब विदेश में भी अपनी पहचान बना रहा है। ये एक फीलिंग गाजियाबाद को समरकूल ने दी है। ये फीलिंग अपने अपनेपन की फीलिंग है और ये फीलिंग एक अनुभूति कराते हैं कि हमारे शहर के उत्पाद भी अब अपनी पहचान बना रहे हैं। समरकूल ग्रुप ने वास्तव में अपने उत्पादों से एक पहचान बनाई है। इस पहचान के पीछे एक बड़ी मेहनत, एक बड़ा विजन समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता और समरकूल के डायरेक्टर राजीव गुप्ता का है।

संजीव गुप्ता एक ऐसा व्यक्तित्व हैं जिन्होंने राजनीति से लेकर समाजसेवा और कारोबार से लेकर परोपकार तक अपनी एक पहचान बनाई है। उन्होंने एक ऊंचाईयां छूने का संकल्प पूरा किया है और सबसे बड़ी बात ये है कि वो अपने शहर गाजियाबाद को नहीं भूले हैं। वो अपने हर उत्पद में गाजियाबाद को कनेक्ट करके चलते हैं और ये फीलिंग संजीव गुप्ता ने आम आदमी को दी है। उन्हें मिस्टर कूल कहा जाता है और उनका ब्रांड समरकूल नित नई ऊंचाईयों को छू रहा है। समरकूल एक ऐसा ब्रांड बना है जिसकी ब्रांडिंग करने के लिये जाने माने सुपर स्टार अजय देवगन आए हैं। वो एक संदेश दे रहे हैं और यहां पर बहुत अच्छा लगता है जब गाजियाबाद का ब्रांड पूरा देश देखता है। बॉलीवुड स्टार के हाथ में ये ब्रांड दिखता है। जब ये आवाज गूंजती है कि हवा अच्छी, ठंडक सच्ची है, समरकूल लाइफ बनाए वंडरफुल।

गाजियाबाद के प्रतिष्ठित उद्यमी, मां वैष्णों धाम के संस्थापक, इस्कॉन मंदिर से जुड़े हुए, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंच के प्रदेश अध्यक्ष, उद्यमिता के क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सम्मानित हो चुके समरकूल के चेयरमैन संजीव गुप्ता यहां नई उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। सही मायनों में उन्होंने प्रधानमंत्री के मूल मंत्र लोकल फोर वोकल और आत्मनिर्भरता को आत्मसात किया है। उन्होंने स्वदेशी के मूल मंत्र पर चलते हुए आत्मनिर्भरता का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। आज समरकूल ब्रांड देश का ब्रांड बन चुका है और गाजियाबाद का हर व्यक्ति एक गर्व फील करता है, जब वो देश के किसी हिस्से में जाता है और वहां उसे समरकूल ब्रांड नजर आता है।

# वेव सिटी से आई है खबर बाहर
## भाजपा पार्षद ने लिया शिव का अवतार

**- वार्ड 24 महरौली के पार्षद हैं पवन गौतम**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इन दिनों शहर में अलग-अलग इलाकों में रामलीला चल रही है। तो हर रामलीला का अपना उल्लास और माहौल है। कुछ रामलीला ऐसी हैं जहां पर भगवान और अलग-अलग पात्र की भूमिका कुछ खास लोग निभा रहे हैं। वैसे तो वेव सिटी में लव कुश रामलीला कमेटी हर साल रामलीला आयोजित करती है लेकिन इस बार यहां की रामलीला में भगवान शिव का किरदार कोई और नहीं बल्कि वार्ड-24 महरौली के पार्षद पवन गौतम निभा रहे हैं। रविवार को भगवान की बारात में पार्षद पवन गौतम ने भोले बाबा का किरदार निभाया है। भोले के रूप में नजर आ रहे पार्षद ने खुद सोशल मीडिया पर भगवान शिव के वेशभूषा हाथों में त्रिशूल, डमरू और सिर पर जटा व गले में नरमुंड की माला वाली फोटो डाली है। जो सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही है। पार्षद पवन गौतम ने जब रामलीला में भगवान शिव का किरदार निभाने वाली उनकी इस प्रतिभा पर उनकी पूजा अर्चना और सम्मान भी हो रहा है।

### सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महापौर व पार्षद ने नंदग्राम कृष्णा कुंज में वितरण किये वस्त्र व बर्तन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 11 कृष्ण कुंज में नरेंद्र मोदी जी के 75 में जन्मोत्सव सेवा पखवाड़ा अंतर्गत निर्धन माता और बहनों को स्थानीय पार्षद छाया संजय त्यागी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गाजियाबाद की लोकप्रिय महापौर सुनीता दयाल द्वारा 75 बर्तनों का सेट वह साड़ी निर्धन जरूरतमंद गरीब माता बहनों को वितरण

शेष, पृष्ठ 8

# गाजियाबाद की आठ रामलीलाओं में अग्निशमन दल संभालेगा सुरक्षा की कमान, फायर टेंडर से लेकर मोटर फायर इंजन यूनिट रहेगी तैयार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन में मेले व राम लीलाएं शुरू हो गई हैं। वर्तमान में 8 स्थान पर बड़ी रामलीला हो रही हैं, जहां अग्निशमन विभाग द्वारा सुरक्षा एवं आग से बचाव के इंतजाम करते हुए बाकायदा फायर टेंडर और मोटर फायर इंजन यूनिट तैनात की जाने की तैयारी कर ली है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि इंदिरापुरम से लेकर कवि नगर और लोनी तिराहा से लेकर मुरादनगर की रामलीला में दमकल विभाग की टीमों को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही 60 से अधिक दमकल विभाग के कर्मचारी अलग-अलग दुर्गा पूजा पंडाल में भी आग से बचाव के लिए ड्यूटी देने का काम करेंगे।

### इन 8 स्थानों पर तैनात रहेगी दमकल की गाड़ियां








करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि इंदिरापुरम थाने के पास वसुंधरा में फायर स्टेशन वैशाली, तो काला पत्थर रोड आदित्य मॉल पर भी फायर स्टेशन वैशाली से गाड़ी लगाई जाएगी। वहीं फायर स्टेशन साहिबाबाद से थाना टीलामोड़ पर एक यूनिट को तैनात रहेगी। इसके साथ ही घंटाघर फायर स्टेशन के अंतर्गत रामलीला मैदान थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक रामलीला और रामलीला मैदान कवि नगर में फायर स्टेशन से गाड़ी तैनात होने के साथी एक मोटर फायर इंजन यूनिट मुस्तैद रहेंगी। जो किसी भी अग्नि हादसे एवं दुर्घटना होने की स्थिति में आग पर कंट्रोल करने का काम करेगी। वहीं फायर स्टेशन मोदीनगर से थाना मोदीनगर और लोनी तिराहा पर फायर स्टेशन लोनी से फायर टेंडर को तैनात किया जाएगा।

# भैया जी के फरमान से साइकिल वाले हो गए हैं परेशान
## कह दिया है, पंडारा रोड पर मिलने के लिये आप ना आएं श्रीमान

**सूत्र बताते हैं कि यहां बातों-बातों में चर्चा चली और चर्चा में दिल्ली का पंडारा रोड आ गया। पंडारा रोड से पूरी कनेक्टिविटी गाजियाबाद वालों की है।**




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बीते दिनों भैया जी ने लखनऊ में साइकिल वालों की मीटिंग ली। साइकिल वालों ने सिटी हैड वालों से लेकर जिला हैड बुलाए। उन्होंने जिन तीन जिलों की बैठक ली, उनमें गाजियाबाद और नोएडा जिले भी थे। साइकिल वाले भैया जी ने साइकिल वालों के साथ बैठकर पूरा चिंतन और मंथन किया। सुबह दस बजे विचार मंथन शुरू हुआ और दोपहर तीन बजे जाकर ये चिंतन समाप्त हुआ। यहां पर बूथ की समीक्षा हुई, यहां जातीय समीकरण की समीक्षा हुई, विधानसभा में वोटों के रुझान की समीक्षा हुई। कुल मिलाकर साइकिल वाले सम्राट ने साइकिल के हैंडल से लेकर पहिये और बैलेंस से लेकर हवा पर चर्चा की। बीएलए पर चर्चा हुई और सुना है कि बीएलए वालों ने कुछ टारगेट भी लिये। यहां इस बात पर भी मंथन हुआ कि कौन सी सीट जीती जा सकती है।

सूत्र बताते हैं कि यहां बातों-बातों में चर्चा चली और चर्चा में दिल्ली का पंडारा रोड आ गया। पंडारा रोड से पूरी कनेक्टिविटी गाजियाबाद वालों की है। भैया जी जब भी पंडारा रोड आते हैं तो गाजियाबाद वाले सपाई वहां जरूर पहुंच जाते हैं। बताते हैं कि भैया जी ने भी बातों ही बातों में एक फरमान सुना दिया और इस फरमान से गाजियाबाद के साइकिल वाले परेशान हैं। उन्होंने कह दिया है कि गाजियाबाद वाले पंडारा रोड पर मिलने के लिये ना आएं। अब ये बैन क्यों लगा है, ये गाजियाबाद के साइकिल वाले बेहतर जानते हैं। बताते हैं कि भैया जी चाहते हैं कि गाजियाबाद वाले वोटों पर फोकस करें और वो ये भी जानते हैं कि यहां के साइकिल वाले फोटों पर फोकस करते हैं, शायद इसी लिये पंडारा रोड वाला पैगाम निकला है।

### विधायक संजीव शर्मा ने किया निर्माण कार्यों का शुभारंभ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर को आदर्श शहर बनाने के संकल्प के साथ लगातार विकास कार्यों में जुटे विधायक संजीव शर्मा ने सोमवार को वार्ड 1 और वार्ड 14 में करीब 40 लाख रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया।



वार्ड 1 के क्रिश्चियन बागू में विमल के मकान से बाला यादव के मकान तक सीसी रोड और नाली निर्माण (अनुमानित लागत 13 लाख रुपये) तथा चंद्रपाल आटा चक्की से रामकिशन के मकान तक सीसी रोड (लागत लगभग 10 लाख रुपये) का शुभारंभ किया गया।

इसके अलावा, वार्ड 14 विजय नगर में डेंस रोड और दोनों तरफ इंटरलॉकिंग

शेष, पृष्ठ 8

## संपादकीय

# विदेश नीतियों में चुनौतियां

अमेरिका ने H-1B वीजा की फीस में अचानक 50 गुना इजाफा करने का जो फैसला किया है, उसकी मार सबसे ज्यादा भारतीयों पर ही पड़ने वाली है। लेकिन यह अपने आप में ऐसी कोई इकलौती घटना नहीं है। पिछले कुछ दिनों में ऐसी कई घटनाएं हुई जो भारतीय विदेश नीति के लिए चुनौती की तरह आई हैं। टैरिफ से वीजा तक भारत से भेजे जाने वाले सामानों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के जो भी तर्क दिए गए हों, सचाई यही है कि यह फैसला ट्रेड रिलेशन के ग्रामर में फिट नहीं बैठता। यह बात भी सही है कि न तो भारत रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदने वाला देश है और न ही उसके साथ व्यापार करने वाला इकलौता देश। बहरहाल, टैरिफ का मसला सुलझाने के लिए प्रयास भी दोनों तरफ से जारी हैं। लेकिन, जब इन प्रयासों के मद्देनजर ट्रेड डील पर कोई नतीजा निकलने की उम्मीद बढ़ रही थी, तब अचानक वीजा- फीस बढ़ाने का यह फैसला आ गया जिससे आम लोगों के स्तर पर द्विपक्षीय रिश्तों का व्याकरण गड़बड़ाता दिखने लगा। रूस से ईरान तक रूस पर दबाव बढ़ाने के बहाने भारत पर टैरिफ लादने का मामला अभी सुलझा भी नहीं कि ईरान पर दबाव बढ़ाने की जरूरत बताते हुए चाबहार पोर्ट तक हमारी पहुंच रोकने की कोशिश की गई। इस पोर्ट के इस्तेमाल को लेकर जो छूट हमें दी गई थी, उसे ट्रंप प्रशासन ने समाप्त कर दिया। इस पोर्ट को विकसित करने में भारत अपना काफी संसाधन लगा चुका है। पाक-यूएई समझौता पिछले दिनों सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ सामरिक समझौता भी कम गंभीर मसला नहीं है। इस समझौते के मुताबिक सऊदी अरब और पाकिस्तान तय किया है कि किसी भी एक देश पर हुए हमले को दोनों देश अपने ऊपर हमला मानेंगे। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में देखें तो भारत इस क्षेत्र में बन रहे इन नए समीकरणों की किसी भी रूप में अनदेखी नहीं कर सकता। बुनियादी मानक इन तमाम घटनाओं को समग्रता में देखें तो ऐसा लगता है कि भारत को अपनी विदेश नीति की बारीकियों पर दोबारा गौर करने की जरूरत है।

# उपभोक्ताओं को लाभ, कंपनियों ने घटाईं कीमतें जीएसटी सुधार पर उद्योग जगत की प्रतिक्रिया




**नई दिल्ली।** जीएसटी की नई दरें 22 सिंतबर से लागू हो गई हैं। अब जीएसटी के 5 फीसदी और 18 फीसदी के सिर्फ दो स्लैब रह गए हैं। नई दरें लागू होने के साथ रसोई के सामान से लेकर दवाइयां, गाड़ियां, कपड़े, मकान खरीदना-बनवाना, बीमा उत्पाद और एसी-टीवी जैसे कई उत्पाद सस्ते हो गए हैं। इसके अलावा, दूध के टेट्रापैक, रोटी, खाखरा, निजी स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा उत्पादों, पढ़ाई-लिखाई से जुड़ीं कुछ चीजों और 33 से अधिक जीवनरक्षक दवाओं को जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। इसे लेकर उद्योग जगत ने तरह-तरह की प्रतिक्रियां दी है।

**हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर छूट से आम आदमी को राहत :** पॉलिसी बाजार के चीफ बिजनेस ऑफिसर अमित छाबड़ा ने कहा कि जीएसटी सुधार ग्राहकों के लिए बेहद फायदेमंद है। उन्होंने बताया कि अब हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर तुरंत 18% की छूट मिलेगी। छाबड़ा ने कहा कि सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि इन बीमा उत्पादों पर अब कोई जीएसटी नहीं लगेगा, जिससे जागरूकता बढ़ेगी और अधिक से अधिक लोग हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस खरीदेंगे। मुझे लगता है कि यह एक बेहद सकारात्मक कदम है क्योंकि सरकार कह रही है कि यह एक अनिवार्य उत्पाद है और इसे देश के प्रत्येक नागरिक को खरीदना चाहिए।

### अमूल ने कहा- जीएसटी कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा

अमूल के एमडी जयेन मेहता ने कहा कि हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमने जीएसटी कटौती का पूरा लाभ अपने सभी उपभोक्ताओं तक पहुंचाया है। घी, मक्खन, पनीर और आइसक्रीम पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत करने से उपभोक्ताओं के लिए हमारे उत्पादों की कीमतों में बड़ी कमी आएगी। मांग में वृद्धि के साथ, इसका लाभ दीर्घावधि में हमारे लाखों उत्पादों को मिलेगा। हम सरकार के इन शानदार सुधारों के लिए आभारी हैं, जिससे न केवल आम जनता के लिए पोषण सस्ता हुआ है, बल्कि डेयरी उद्योग से जुड़े लाखों दूध उत्पादकों को सुनिश्चित रोजगार का भी साधन मिला है।

**मदर डेयरी ने अपने उत्पादों में दो रुपये की कटौती की :** प्रधानमंत्री मोदी के 'स्वदेशी' उत्पादों के प्रचार पर मदर डेयरी के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष बंदलीश ने कहा कि मदर डेयरी एक स्वदेशी कंपनी है, जिसने पिछले साल अपने 50 साल पूरे किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह आह्वान हमारी कंपनी के लिए फायदेमंद है क्योंकि हम उपभोक्ताओं के स्वाद और पसंद को अच्छी तरह समझते हैं। जीएसटी में बदलाव के बाद मदर डेयरी की कंपनी ने दो रुपये कटौती का ऐलान किया है।

बता दें कि मदर डेयरी कंपनी ने पैकेज्ड दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर तक की कटौती की है। एक लीटर टोंड टेट्रा पैक दूध के दाम को 77 रुपये से घटाकर 75 रुपये कर दिया है। इसने घी-पनीर समेत अन्य सामानों के भी दाम घटाए हैं।

# अमेरिका को भारतीय निर्यात में लगातार तीसरे महीने गिरावट

## श्रेणी उत्पादों पर 50% टैरिफ का भारी असर



**नई दिल्ली।** भारत के अमेरिका निर्यात में गिरावट के संकेत मिल रहे हैं, क्योंकि सितंबर पहला पूरा महीना है जब प्रमुख उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लागू है। जीटीआरआई की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि अगस्त के आंकड़े आंशिक रूप से ही उच्च टैरिफ का असर दिखाते हैं। बताया गया कि 6 अगस्त तक 10 प्रतिशत, 27 अगस्त तक 25 प्रतिशत और 28 अगस्त के बाद 50 प्रतिशत टैरिफ लागू हुआ था। निर्यात में लगातार तीसरे महीने आई गिरावट रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर में श्रेणी सी निर्यात पर पूर्ण 50% टैरिफ लागू होने के कारण टेक्सटाइल, आभूषण, झींगा, रसायन और सोलर पैनल जैसे सेक्टरों में गिरावट और गहरी हो सकती है। अमेरिका के निर्यात में लगातार तीसरे महीने गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण टैरिफ में भारी बढ़ोतरी को माना जा रहा है।

हालांकि ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि स्मार्टफोन और दवाइयों जैसे टैरिफ मुक्त निर्यात में अप्रत्याशित गिरावट आई है। टैरिफ-मुक्त उत्पाद में आई भारी गिरावट यह गिरावट श्रम-प्रधान क्षेत्रों में केंद्रित रही है, जो मूल्य प्रतिस्पर्धा के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं। इस बीच, टैरिफ-मुक्त उत्पाद, जो भारत के अगस्त निर्यात का 28.5 प्रतिशत था। इसमें 41.9 प्रतिशत की तीव्र गिरावट देखी गई।

### श्रेणी सी के निर्यात पर पड़ा सबसे ज्यादा असर

जीटीआरआई रिपोर्ट में बताया गया है कि श्रेणी सी के निर्यात, जो भारत से अमेरिका को होने वाले कुल निर्यात का 62.7 प्रतिशत है, को सबसे ज्यादा टैरिफ नुकसान का सामना करना पड़ा है। इस श्रेणी में निर्यात 10.8 प्रतिशत घटकर मई में 4.82 अरब अमेरिकी डॉलर से अगस्त 2025 में 4.30 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया।

# उत्तर भारत में शुरू हुआ सांझी पर्व: कुंवारी कन्याओं ने दीवारों पर उकेरी सांझी माई की आकृति



प्रस्तुति करंट क्राइम

**डॉ मंजु सैनी**
**(गाजियाबाद)**



उत्तर भारत के कई राज्यों में आज से सांझी पर्व का आरंभ हो गया है। भाद्रपद पूर्णिमा से शुरू होकर आश्विन अमावस्या तक चलने वाला यह 16 दिवसीय पर्व कुंवारी कन्याओं का विशेष त्योहार है। इस दौरान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में लड़कियाँ घरों की दीवारों पर गोबर से सांझी माई की आकृति बनाती हैं, जिन्हें फूल, पत्ते, और रंगों से सजाया जाता है।

**लोक कला और आस्था का संगम :** यह पर्व सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय लोक कला और आस्था का अद्भुत संगम है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, सांझी माई को मां दुर्गा या पार्वती का स्वरूप माना जाता है, जो कुंवारी कन्याओं को सुख-समृद्धि और आशीर्वाद प्रदान करती हैं। शाम के समय, लड़कियाँ एक साथ इकट्ठा होकर सांझी माई की आरती और लोकगीत गाती हैं, जो इस पर्व की रौनक को और बढ़ा देते हैं।

**सामाजिक समानता का संदेश :** सांझी माई की कहानियाँ सामाजिक समानता का भी संदेश देती हैं। कुछ लोक मान्यताओं में उन्हें एक अछूत जाति की पुत्री के रूप में भी देखा जाता है, जिन्होंने अपनी भक्ति से दैवीय स्थान प्राप्त किया। यह कहानी हमें सिखाती है कि सच्ची भक्ति और पवित्रता से कोई भी व्यक्ति ईश्वर के करीब पहुँच सकता है।

**पर्व का समापन :** यह पर्व दशहरे के बाद, यानी आश्विन अमावस्या को समाप्त होगा। अंतिम दिन, लड़कियाँ सांझी माई को दीवार से उतारकर एक मिट्टी के घड़े में रखती हैं और दीया जलाकर उन्हें विदाई देती हैं। इसके बाद, सांझी माई का विसर्जन नदी या तालाब में किया जाता है। यह पर्व न केवल हमारी प्राचीन धरोहरों को सहेजता है, बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़े रखने का भी महत्वपूर्ण कार्य करता है।

# एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ने से टूटा बाजार

## आईटी कंपनियों में बिकवाली, सेंसेक्स-निफ्टी फिसले




**नईदिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन भारतीय बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 466.26 अंक गिरकर 82,159.97 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 124.70 अंक गिरकर 25,202.35 अंक पर आ गया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ाकर 1,00,000 डॉलर प्रति कर्मचारी करने के फैसले के बाद बढ़ी चिंता के बीच आईटी शेयरों में गिरावट दिखी। इसके असर से सोमवार को बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी फिसलकर बंद हुए। इसके अलावा, ब्लू-चिप रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली ने भी बाजार मूड बिगाड़ा।

लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 466.26 अंक या 0.56 प्रतिशत गिरकर 82,159.97 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 628.94 अंक या 0.76 प्रतिशत गिरकर 81,997.29 अंक पर आ गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 124.70 अंक या 0.49 प्रतिशत गिरकर 25,202.35 अंक पर आ गया।

### आईटी शेयरों का मार्केट कैप 1 लाख करोड़ रुपये तक कम होने का अनुमान

बाजार के अनुमानों के मुताबिक गिरावट की बड़ी वजह अमेरिकी वीजा प्रकारण से जुड़ी अनिश्चितता है। सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान आईटी शेयरों के मार्केट कैप में करीब 1 लाख करोड़ रुपये का सेंध लगने का अनुमान है। एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क में भारी वृद्धि के बाद आईटी शेयरों में 3.6% की गिरावट आई। वीजा फीस में बदलाव को अमेरिका में कुशल कर्मचारियों को स्थानांतरित करने की लंबे समय से चली आ रही प्रथा के लिए खतरा माना जा रहा है। इंफोसिस , टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज , टेक महिंद्रा और विप्रो में के शेयरों में 2.2% से 3.1% तक की गिरावट आई आई। इन शेयरों के कारण निफ्टी 50 पर सबसे अधिक दबाव बना। फार्मास्यूटिकल शेयरों में 1.4% की गिरावट आई।

## 23 09 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



प्रेम चौपड़ा
अभिनेता



रिद्धिमा शर्मा | श्रद्धा नेगी | सुशीला | नीलम शर्मा



प्रियंका कसाना | रितु सिंह | मुस्कान चौहान | एना सहगल | हरीश कड़ाकोटी



मुन्ना मिश्रा | संदीप चौधरी | नरेन्द्र कुमार बिल्लू | प्रवीण अग्रवाल | अमित शर्मा



असलम कुरैशी | शेखर कुमार | ललित सागर | गौरव | अशु कुमार



भार्गव बिष्ट | प्रवीण बत्रा | राजकुमार यादव | निर्भय प्रताप सिंह | सुहेल शैफी



अनुज पंडित | सद्दाम कुरैशी | अभिषेक पांचाल



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

## राशिफल

**मेष :** आज का राशिफल बताता है कि आज इस राशि के जातक दिन की शुरूआत खूबसूरत सुबह से होगी जिसकी कल्पना भी नहीं की होगी।

**वृष :** आज का राशिफल बताता है कि आज इस राशि के जातक के लिए लाभदायक है। क्रिटिएविटी में वृद्धि होगी। मानसिक शांति होने से काम बनेगा।

**मिथुन :** आज का राशिफल बताता है कि इस राशि के आज किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। बिजनेस में लाभ मिलेगा।

**कर्क :** आज का राशिफल बताता है कि इस राशि के लेन-देन में सतर्क रहे। परिवार के किसी सदस्य से विवाद होने से दिन खराब जाएगा।

**सिंह :** आज का राशिफल बताता है कि आज का दिन इस राशि के जातक वाणी पर संयम रखे । नए संबंध बनेंगे। परिवार से अनबन हो सकती हैं।

**कन्या :** आज का राशिफल बताता है कि इस राशि के जातक आपके लिए लाभदायक परिणाम लेकर नहीं आ रहा है।

**तुला :** आज का राशिफल बताता है कि इस राशि के जातक का दिन घर में जरूरी सामानों की खरीद करेंगे। इसके बावजूद सुख मे कमी रहेगी। बिजनेस में लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक :** राशिफल बताता है कि इस राशि के जातक दोस्तों के साथ अच्छी तरह से समय बीतेगा। प्रेम संबंधों आपका भावुक स्वभाव साथी को आकर्षित करेगा।

**धनु :** आज का राशिफल बताता है कि इस राशि के जातक योग्यता और बुद्धि से सफलता हासिल करेंगे। परिवार के साथ अच्छा तालमेल रहेगा।

**मकर :** आज का राशिफल बताता है कि आज इस राशि के जातक परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। दोस्तो के साथ आनंद के पल बिताएंगे।

**कुंभ :** आज का कुंभ राशिफल बताता है कि आज इस राशि जातक घर-परिवार या किसी रिश्तेदार के यहां मांगलिक आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर मिलेगा।

**मीन :** आज इस राशि के जातक किसी धार्मिक से लाभ मिलेगा। गरीबों को भोजन कराएगे। बिजनेस में आत्मविश्वास से काम को सफल बनाएंगे।

## चुटकुले

लड़का : तुम्हे मेरे अंदर सबसे अच्छी बात क्या लगती है?
लड़की : लोग समय के साथ बदल जाते हैं लेकिन तुम नहीं बदले।
लड़का : वह कैसे?
लड़की : जब मैं तुमसे मिली थी तब भी बेरोजगार थे और आज भी बेरोजगार हो।

भगवान हर जगह नहीं पहुंच सकते। इसलिए उन्होंने मां-बाप बनाए और...
मां-बाप हर जगह नहीं पहुंच सकते। इसलिए बजरंग दल वाले बनाए।

टीचर : 15 फलों के नाम बताओ...
सोनू : आम, केला, अमरूद...
टीचर : शाबाश, 12 और फलों के नाम बताओ...
सोनू : एक दर्जन केले...

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# गीता ज्ञान दिव्य बुद्धि रूपी लगाम द्वारा मन रूपी घोड़े को नियंत्रित करना सिखाता है: राजयोगिनी बी के ऊषा दीदी








**गाजियाबाद करंट क्राइम।** ब्रह्माकुमारीज की ओर से वसुंधरा साहिबाबाद स्थित कंट्री इन होटल के दरबार हॉल में जीवन का आधार-गीता का सार विषय पर एक आध्यात्मिक प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माउंट आबू से पधारे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रेरक वक्ता, आध्यात्मिक शिक्षक एवं परामर्शक एवं मैनेजमेंट ट्रेनर राजयोगिनी बी के ऊषा दीदी ने अपने उद्बोधन में गीता ज्ञान के रहस्य को उजागर करते हुए बताया कि हर अध्याय योग पर आधारित है। गीता ज्ञान दिव्य बुद्धि रूपी लगाम द्वारा मन रूपी घोड़े को नियंत्रित करना सिखाता है। जिससे मन के प्रश्नों की जटिलता समाप्त होकर सहजता से संस्कारों में परिवर्तन आता है। सृष्टि चक्र में अभी यह समय है जब निराकार परमपिता परमात्मा शिव साधारण मानवीय रथ का आधार लेकर गीता ज्ञान देते हैं।

उन्होंने कहा कि आसुरी संपदा परिवर्तित होकर दैवी संपदा बन जाती है। कलह युग (कलियुग) के अंतिम समय में जब सम्पूर्ण चारित्रिक पतन हो जाता है तब ही सर्वश्रेष्ठ ईश्वरीय ज्ञान के प्रकाश तथा राजयोग की आभा से पुनः सतयुगी दैवी सृष्टि की स्थापना होती है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्था के साथ लंबे समय के संबंध बताते हुए कहा कि यह संस्था विश्व स्तर पर आश्चर्यजनक रूप से सेवा कर रही है। जिससे लगता है कि यह कार्य ईश्वर का ही कार्य है। यहां से प्राप्त आध्यात्मिक ज्ञान का प्रकाश मन के अंधकार को समाप्त कर जीवन को प्रकाशित कर रहा है।

मुख्य अतिथियों में यशोदा मेडीसिटी हॉस्पिटल की डायरेक्टर उपासना अरोड़ा, एस एस स्कूल के डायरेक्टर आर आर खन्ना, इन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अभिनव शर्मा, नितिन वर्मा, अलका अग्रवाल, प्रोफेसर डीके शर्मा, वाइस चांसलर एचआर आईटी यूनिवर्सिटी, गौरव सोलंकी पार्षद, सुखविंदर सिंह, शशि शर्मा, डॉ बीके गुप्ता अध्यक्ष कृष्ण हॉस्पिटल, डॉ राजेश रंजन तथा अनिल कुमार सिंह हाउसिंग कमिश्नर एडवोकेट के एन नागपाल (रिवेरा पब्लिक स्कूल), रवीश कुमार यादव प्रिन्सिपल माधव सरस्वती विद्या मंदिर आदि गणमान्य जन उपस्थितरहे।

सांसद अतुल गर्ग, पूर्व राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी, वर्तमान पार्षद शिल्पा चौधरी, राज कुमार भाटी, धीरज अग्रवाल, अनिल तोमर, अनिल अग्रवाल , विनीत शर्मा भाजपा नेता, विजय गुलाटी डायरेक्टर सेंट टेरेसा स्कूल, अलका अग्रवाल डायरेक्टर मेवाड़ इंस्टीट्यूट, देवेंद्र नारंग डायरेक्टर जयपुरिया मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट, शालिनी गुप्ता को-फाउंडर पिंकिश फाउंडेशन, सत्यपाल नारंग अतिरिक्त जिला जज, गाजियाबाद आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

ब्रह्माकुमारीज से ब्रह्माकुमारी सतीश दीदी, रमा दीदी, राजेश दीदी, सुनीता दीदी, लवली दीदी, ईशू दीदी, रंजना दीदी, रश्मि दीदी, दिव्या दीदी, गुंजन दीदी, देबीना दीदी उपस्थित रहे।

## महाराजा अग्रसेन जयंती पर गाजियाबाद में समारोह आयोजित, मंत्री नरेंद्र कश्यप रहे मुख्य अतिथि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महाराजा अग्रसेन की जयंती के अवसर पर कवि नगर स्थित महाराजा अग्रसेन वाटिका में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। परमार्थ सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन और पुष्पांजलि से हुई, जिसमें महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को याद किया गया।

### 'एक ईट और एक रुपया' का सिद्धांत:

कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन के दूरदर्शी सोच की सराहना की। उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन ने ही सबसे पहले 'एक ईंट और एक रुपया' का सिद्धांत दिया था, जिसने समाज के कई लोगों को अपना घर और व्यवसाय स्थापित करने में मदद की।

विभु बंसल ने महाराजा अग्रसेन के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म द्वापर युग में, लगभग 5174 वर्ष पहले, भगवान राम के पुत्र कुश की 34वीं पीढ़ी में हुआ था। उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन एक ऐसे राज्य की स्थापना करना चाहते थे जहां कोई भी व्यक्ति गरीब या दुखी न हो।

बीके शर्मा हनुमान ने महाराजा अग्रसेन को एक कर्मयोगी, लोकनायक और युगपुरुष बताया। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन भगवान श्रीकृष्ण के समकालीन थे और उनका जीवन त्याग, करुणा और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित था।

इस अवसर पर वीके अग्रवाल, संदीप सिंघल, जितेंद्र मित्तल, राजीव कुमार गुप्ता, और नवीन अग्रवाल सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# गाजियाबाद में रामलीला महोत्सव का भव्य मंचन

## राम जन्म, मुनि आगमन और अहिल्या उद्धार के प्रसंगों ने दर्शकों को किया भाव-विभोर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति (रजि.) द्वारा आयोजित भव्य श्री रामलीला महोत्सव 2025 के तीसरे दिन सोमवार की संध्या को राम जन्म, मुनि आगमन और अहिल्या उद्धार के मनोहारी प्रसंगों का सफल मंचन किया गया। इस दौरान भक्ति और दिव्यता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे पूरा माहौल राममय हो गया।

मंचन का आरंभ भगवान श्रीराम के जन्म के प्रसंग से हुआ। जैसे ही माता कौशल्या के गर्भ से रामलला का अवतरण हुआ, पूरा पंडाल 'राम लला की जय' के जयघोष से गूंज उठा। माता की गोद में रामलला का दृश्य इतना जीवंत था कि उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

इसके बाद, मुनि विश्वामित्र के आगमन का प्रसंग मंचित किया गया, जिसमें वे अयोध्या के राजा दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए भगवान राम और लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने का आग्रह करते हैं। कलाकारों ने दशरथ की दुविधा और राम-लक्ष्मण की आज्ञाकारिता को बखूबी दर्शाया।

संध्या का सबसे हृदयस्पर्शी दृश्य अहिल्या उद्धार का रहा। भगवान श्रीराम के चरणस्पर्श से पत्थर बनी अहिल्या का पुनर्जीवित होना देखकर दर्शकगण स्तब्ध रह गए और पूरे वातावरण में 'जय श्रीराम' के गगनभेदी नारे गूंजने लगे।

कलाकारों की सजीव प्रस्तुति, भव्य वेशभूषा और विशेष रोशनी व ध्वनि प्रभाव ने दर्शकों को त्रेता युग के दिव्य प्रसंगों का अनुभव कराया। समिति के चेयरमैन नरेन्द्र भारद्वाज ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्यों के सक्रिय सहयोग की सराहना की।

यह रामलीला महोत्सव 3 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, जिसमें आज चौथे दिन ताड़का वध और मारीच-सुबाहु वध जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। यह आयोजन प्रतिदिन शाम 7:30 बजे वसुंधरा सेक्टर-7 स्थित रामलीला मैदान में हो रहा है।

# कम्पोजिट विद्यालय असालतनगर में मिशन शक्ति 5.0 की शुरूआत, पुरातन छात्रों ने संभाली विकास की कमान





**असालतनगर/गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 22 सितंबर 2025 को कम्पोजिट विद्यालय असालतनगर में मिशन शक्ति 5.0 का शानदार आगाज हुआ। इस अवसर पर विद्यालय ने अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पहले पुरातन छात्र मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाना और विद्यालय के विकास में पुराने छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करना था। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव के साथ-साथ पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश चंद त्यागी, खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद, और उजाला समिति की अध्यक्ष प्रो. नीलम शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सत्यमेव जयते यूएसए और उजाला समिति का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाली 10 मेधावी बालिकाओं को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय संस्था सत्यमेव जयते यूएसए ने तीन बालिकाओं को 1100-1100 रुपये की धनराशि, प्रमाण पत्र और उपहार देकर उनका हौसला बढ़ाया।

### अतिथियों ने किया मार्गदर्शन

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव ने कहा, जीवन कौशल विकास आधारित गतिविधियां न केवल बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाती हैं, बल्कि एक विकसित समाज का निर्माण भी करती हैं। खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद ने पुरातन छात्रों से अपील की कि वे नए छात्रों के लिए प्रेरणा बनें और नामांकन बढ़ाने में सहयोग करें। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा कुणाल मुद्गल ने बालिकाओं को निडर बनाने के लिए मीना मंच को एक सशक्त माध्यम बताया। उजाला समिति की अध्यक्ष प्रो. नीलम शर्मा ने छात्राओं की करियर काउंसलिंग की और उन्हें भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की संयोजिका रेनू चौधरी ने पुरातन छात्रों को विद्यालय का ब्रांड एंबेसडर बताते हुए उन्हें 5-5 नए नामांकन कराने का लक्ष्य दिया। समारोह के दौरान बच्चों को ग्रीन टी-शर्ट भी वितरित की गई। साथ ही छात्राओं ने सिलाई कला कोर्स में अपना नामांकन कराया, जिसके पूरा होने पर उन्हें प्रमाण पत्र भी मिलेगा। कार्यक्रम में ममता त्यागी, नीलम शर्मा, उषा शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# गाजियाबाद के वार्ड 81 में सीवर समस्या का स्थायी समाधान, महापौर ने किया नई सीवर लाइन का शुभारंभ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के वार्ड 81 के निवासियों को दशकों से परेशान कर रही सीवर और जलभराव की समस्या का आखिरकार स्थायी समाधान मिल गया है। शक्ति खंड-1, 3, 4 और नीति खंड-1 के लोगों को अब बरसात में गंदे पानी के भराव और बदबू से निजात मिलेगी।

इस महत्वपूर्ण परियोजना का शुभारंभ महापौर सुनीता दयाल ने किया। यह कार्य वार्ड के पार्षद धीरज अग्रवाल के अथक प्रयासों का परिणाम है। इस अवसर पर पार्षद हरीश काराकोटी भी उपस्थित रहे।

वार्ड 81 के पार्षद प्रतिनिधि प्रयाम सक्सैना ने बताया कि लंबे समय से इन क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को जलभराव और सीवर की वजह से रोजमर्रा की दिक्कतें झेलनी पड़ रही थीं। नई और बड़ी सीवर लाइन बिछने से यह दशकों पुरानी समस्या जड़ से खत्म हो जाएगी।

आगामी एक-दो दिनों में इस कार्य को शुरू कर दिया जाएगा। यह नई पाइपलाइन ATS सोसाइटी के बाहर स्थित SXTPX प्लांट के बड़े कुओं से जुड़ेगी। यह परियोजना न केवल क्षेत्र को जलभराव से मुक्त करेगी, बल्कि वार्ड 81 में स्वच्छता और विकास की नई राह भी प्रशस्त करेगी।

स्थानीय निवासियों ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए पार्षद धीरज अग्रवाल का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक पाइपलाइन नहीं, बल्कि उनके वर्षों के संघर्ष और धैर्य की जीत है।

# उत्तरकाशी आपदा पीड़ितों तक पहुँची राहत सामग्री





**उत्तरकाशी, करंट क्राइम।** जनपद उत्तरकाशी में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में विश्व मानव रूहानी केंद्र नवानगर, पंचकूला (हरियाणा) के सेवादारों ने राहत कार्य संचालित किया।

आध्यात्मिक प्रमुख संत बलजीत सिंह जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से सेवादार दल भारत के अंतिम गांव खरसाली खुशीमठ, यमुनोत्री, नारायणपुरी, बनास, राणाचट्टी, पिंडकी, दामनगांव, शायनाचट्टी, कुंसाला, त्रिखाली, कुपड़ा,पुजारगांव, नौगांव आदि गांवों तक पहुँच कर घर-घर जाकर आपदा पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की।

राहत सामग्री में खाद्य सामग्री, कंबल, सोलर लाइट एवं हाइजीन किट आदि शामिल रहे। इस अवसर पर संत बलजीत सिंह जी का संदेश मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और मानवता की सच्ची पहचान है जन-जन तक पहुंचाया गया।

# धूमधाम से निकली श्रीराम की बारात, भक्तों की भीड़ उमड़ी







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री सुल्लामल रामलीला समिति द्वारा गाजियाबाद में सोमवार को भगवान राम की बारात धूमधाम से निकाली गई। धनुष टूटने के बाद स्वयंवर संपन्न होने पर निकली यह बारात ठाकुरद्वारा मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य बाजारों, जैसे दिल्ली गेट, चौपला, डासना गेट, रमते राम रोड, टाउन हॉल, और घंटाघर से होते हुए रामलीला मैदान पहुँची।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सुल्लामल रामलीला कमेटी की राम बारात अपनी भव्यता के लिए जानी जाती है। इस बारात का मुख्य आकर्षण भगवान राम का डोला था, जिसे कोलकाता के कलाकारों ने विशेष रूप से दूसरे प्रदेशों से मंगाए गए फूलों से सजाया था।

बारात में शामिल विभिन्न राज्यों की झाँकियाँ और प्रदर्शन देखने लायक थे। गुजरात के सूरत से आई एक झाँकी, जिसने देशभर में कई पुरस्कार जीते हैं, भक्तों की प्रशंसा का केंद्र रही। इसके अलावा, मथुरा से राय की नपीरी, मेरठ से राधा-कृष्ण की नृत्य करती हुई झाँकी, और दिल्ली, मेरठ, आगरा व गाजियाबाद से आए 10 बैंडों का ग्रुप भी बारात की शोभा बढ़ा रहे थे। बारात में 55 प्रस्तुतियाँ थीं, जिनमें सोहनलाल की पांच बग्गी, 10 झाँकियाँ, तीन शहनाई और चार ताशे ग्रुप शामिल थे।

बारात का बाजारों में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया, जहाँ दूर-दराज से आए लोगों ने भगवान राम का जयघोष कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष अजय बंसल, उस्ताद अशोक गोयल और पार्षद नीरज गोयल सहित कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रथम पुरातन छात्र मिलन एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उजाला समिति एवं कंपोजिट विद्यालय असालतनगर द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत प्रथम पुरातन छात्र मिलन एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन। मुख्य अतिथि ओ.पी. यादव (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी), विशिष्ट अतिथि जमुना प्रसाद (खंड शिक्षा अधिकारी), कुणाल मुदगल (जिला समन्वय बालिका शिक्षा), पूनम शर्मा (जनपद नोडल), पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश चंद त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष अमित यादव, रेनू चौधरी, डॉ. नीलम शर्मा, अरुणिमा त्यागी, रितु गुप्ता, उषा शर्मा, ममता त्यागी सहित सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# जीएसटी की नई दरें आज से लागू जानिए किस कंपनी ने अपने वाहनों की कितनी कम की कीमतें



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जीएसटी में किया गया बदलाव आज यानि 22 सितंबर नवरात्र के पहले दिन से लागू हो गया। अब सिर्फ दो स्लैब ही जीएसटी में लागू है। देश भर में केवल दो जीएसटी स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत लागू होंगे। इसके अलावा लग्जरी और सिन गुड्स पर 40 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा।

जीएसटी में कटौती का सबसे ज्यादा असर ऑटोमोबाइल्स सेक्टर में देखा जा रहा है। सभी कंपनियों ने कारों की कीमत में कटौती कर दी है। छोटी कारों में अब केवल 18 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा।

देश में बेचे जाने वाले वाहनों की कीमत में भारी कटौती कर दी गई है। मारुति सुजुकी से लेकर टाटा मोटर्स, महिंद्रा, हुंडई, हीरो मोटोकॉर्प, होंडा, रॉयल एनफील्ड सहित सभी वाहन निमार्ताओं ने अपने वाहनों की नई कीमतों का ऐलान किया है। जिससे अब कारों की शुरूआती कीमत महज 3.50 लाख रुपये और बाइक्स की शुरूआती कीमत महज 55,000 रुपये रह गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते कल नए जीएसटी स्ट्रक्चर के लागू होने से पहले इस रिफॉर्म को ऐतिहासिक बताया. उन्होंनें देश के नाम अपने संबोधन में कहा कि इस जीएसटी बचत उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी, आप अपने पसंद की चीजों को और भी ज्यादा आसानी से खरीद सकेंगे। इस जीएसटी सुधार का लाभ आम लोगों को सीधे तौर पर मिलेगा और बाजार गुलजार होंगे।

मारुति सुजुकी ने नए जीएसटी रिफॉर्म का फायदा सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने का ऐलान किया है. अब कंपनी के पोर्टफोलियो की सबसे सस्ती कार एस प्रेसो हो गई है। जो अब केवल 3,49,900 रुपये की शुरूआती कीमत में आती है। मारुति सुजुकी ने अपने कारों की कीमत में अधिकतम 1.29 लाख रुपये तक की कटौती की ऐलान किया है। जिसमें ब्रेजा, ऑल्टो, वैगनआर और स्विफ्ट इत्यादि सभी कारें शामिल हैं।

महिंद्रा ने सबसे बड़ी कटौती एक्सयूवीकी कीमत में की है. 1.56 लाख रुपये की कटौती के बाद अब इसकी शुरूआती कीमत 7.28 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) हो गई है। कंपनी जीएसटी छूट के अलावा कुछ एक्स्ट्रा बेनिफिट्स भी दे रही है। जिससे त्योहारी सीजन में कार खरीदारी करके ग्राहक पूरे 2.56 लाख रुपये तक की बचत कर सकते हैं। इसके अलावा मशहूर लाइफ-स्टाइल एसयूवी थार थ्री-डोर मॉडल के दाम में 1.35 लाख रुपये की कटौती की गई है। अब ये मशहूर एसयूवी 10.32 लाख रुपये की शुरूआती कीमत में आती है।

टाटा मोटर्स ने अपनी सबसे सस्ती कार टिएगो की कीमत में अधिकतम 75,000 रुपये तक की कटौती की है। अब इसकी शुरूआती कीमत 4.57 लाख रुपये हो गई है। वहीं नैक्सोन पर कंपनी ने सबसे ज्यादा 1.55 लाख रुपये की कटौती की है। अब ये 7.31 लाख रुपये की शुरूआती कीमत में आती है। इसके साथ 45,000 रुपये तक का एक्स्ट्रा बेनिफिट भी दिया जा रहा है। जिसे मिलाकर ग्राहक इस एसयूवी की खरीद पर पूरे 2 लाख रुपये तक की बचत कर सकते हैं। वहीं हैरियर और सफारी के दाम में क्रमशः 1.44 लाख और 1.48 लाख रुपये की कटौती की गई है। इनकी कीमत अब क्रमशः 13.99 लाख और 14.66 लाख रुपये से शुरू होती है।

### खोड़ा कॉलोनी में किशोर के लापता होने की गुत्थी सुलझी

# चचेरे भाई ने हत्या कर शव को गटर में फेंका




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुलिस ने 14 वर्षीय किशोर के लापता होने के मामले का खुलासा कर दिया है। दरअसल, किशोर की हत्या कर लाश को गटर में फेंक दिया गया था। पुलिस ने हत्या के आरोप में चचेरे भाई को गिरफ्तार किया है। चचेरे भाई की हत्या कर लाश को फेंकने के बाद घर आकर किशोर को तलाश करने का नाटक किया था, ताकि किसी को उस पर शक न हो।

मामला खोड़ा कॉलोनी का है। बीते दिनों एक 14 वर्षीय किशोर लापता हो गया था। काफी तलाश करने के बाद भी जब किशोर नहीं मिला, तो परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जब पुलिस ने जांच की तो सच्चाई सामने आ गई।

जांच में पता चला कि अंतिम बार किशोर को उसके चचेरे भाई के साथ देखा गया था। पुलिस ने जब चचेरे भाई से पूछताछ की तो उसने सच्चाई बता दी। पुलिस के मुताबिक, चचेरे भाई ने पैसे के किए किशोक की हत्या कर दी। आरोपी युवराज उर्फ यश प्रजापति, जो केबिन क्रू का काम करता है और क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्टमेंट का शौक रखता है। यश ने अपने चाचा मनबीर से करीब तीन लाख रुपये उधार लिए थे।

इस रकम को उसने एक क्रिप्टो प्लेटफॉर्म के जरिए इन्वेस्ट किया और मुनाफा भी कमाया। इसी बीच चाचा ने उससे महज 50 हजार रुपये वापस मांगे, लेकिन रुपये लौटाने से बचने के लिए आरोपी ने अपने ही चचेरे छोटे भाई की हत्या की खौफनाक साजिश रच डाली। 16 सितंबर की रात आरोपी यश अपने चचेरे भाई लक्ष्य को फिल्म दिखाने के बहाने घर से ले गया। दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में उसने पहले गला दबाया और फिर ईंटों से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद मासूम का शव वहीं फेंककर वी3एस मॉल पहुंच गया और फिल्म देखने के बाद घर लौटकर परिवार के साथ मिलकर बच्चे को खोजने का नाटक करता रहा।

खोड़ा पुलिस ने जब गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की तो सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल सर्विलांस और मुखबिर की मदद से वारदात का खुलासा हुआ। बच्चे को आखिरी बार आरोपी के साथ देखा गया था। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया।

इंदिरापुरम एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# राजगनर एक्सटेंशन की प्रमुख लिंक रोड से एनपीआर रोड के निर्माण कार्य की हुई शुरूआत

## विधायक अजित पाल त्यागी ने नारियल फोड़ कर किया शिलान्यास



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने राजनगर एक्सटेंशन में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाना और प्रदूषण को कम करना है।

मुरादनगर के विधायक अजित पाल त्यागी जी ने इस सड़क का शिलान्यास किया। यह 900 मीटर लंबी और 45 मीटर चौड़ी सड़क है जो सिकरोड को नॉर्दर्न पेरिफेरल रोड से जोड़ेगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 15 करोड़ रुपये है।

यह सड़क बनने से क्षेत्र की एक बड़ी आबादी को फायदा होगा और लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज से जुड़ी 45 मीटर चौड़ी सड़क भी कनेक्ट हो जाएगी। जीडीए ने राजनगर एक्सटेंशन में कई मौजूदा सड़कों को चौड़ा और मजबूत करने का काम भी शुरू कर दिया है।

गोल चक्कर से आउटर रिंग रोडः गोल चक्कर से बंधा रोड और सिटी फॉरेस्ट होते हुए लगभग 3 किलोमीटर और उससे लगी 7 किलोमीटर की आउटर रिंग रोड को 45 मीटर से बढ़ाकर 60 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इस काम के लिए टोटल स्टेशन सर्वे हो चुका है, जिसकी रिपोर्ट जल्द ही आने की उम्मीद है।

इन सड़कों के चौड़ा होने से भविष्य में यातायात जाम की समस्या कम होगी और हरनंदीपुरम योजना को भी लाभ मिलेगा।

इसके अलावा, शहरी अवस्थापना निधि के तहत लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से कई सड़कों के सुदृढ़ीकरण का काम भी शामिल है, जिनमें निम्न सड़कें भी शामिल हैं:

एके चिल्ड्रन सोसाइटी के सामने 18 मीटर चौड़ी सड़क। जीडी गोयनका स्कूल से स्टेडियम को जोड़ने वाली आउटर रिंग रोड। अजनारा सोसाइटी से होकर जाने वाली 45 मीटर चौड़ी सड़क। सोना पैलेस से गुलमोहर सोसाइटी तक 45 मीटर चौड़ी सड़क। मोरटी मोड़ से राज एम्पायर सोसाइटी तक 24 मीटर चौड़ी सड़क। बंधा रोड से ज्योति सुपर तक 24 मीटर की जोनल सड़क।

इन सभी परियोजनाओं के पूरा होने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि धूल-धक्कड़ से होने वाले वायु प्रदूषण से भी राहत मिलेगी।

# शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां शैल पुत्री की पूजा अर्चना, मंदिरों में उमडी भक्तों की भारी भीड़



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शारदीय नवरात्र शुरू हो गए हैं। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जा रही है। पहले दिन सोमवार को गाजियाबाद व आसपास के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही। नोएडा-ग्रेटर नोएडा के मंदिरों में भी पूजा अर्चना के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू हो गई है।

गाजियाबाद के दिल्ली गेट स्थित देवी मंदिर समेत सभी बड़े मंदिरों में नवरात्र पर विशेष कार्यक्रम किए जा रहे हैं। गाजियाबाद के प्राचीन सिद्धपीठ दूधेश्वरनाथ मंदिर में नवरात्र पर विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। दूधेश्वरनाथ मंदिर में नवरात्र के पहले दिन सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। नवरात्र के पर्व को लेकर खास तैयारियां की गई हैं। शहर में जगह-जगह पंडाल लगाकर मां दुर्गा मूर्ति स्थापना भी की जाएगी। रविवार को रात तक मंदिरों में नवरात्र की तैयारियां पूरी कर ली गई। मंदिरों को फूल मालाओं से सजाया गया।

शिव शक्ति धाम डासना में मां बगलामुखी का हवन किया जाएगा। गोल मार्केट स्थित माता वैष्णों मंदिर, श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर, श्री ठाकुरद्वारा मंदिर, मनन धाम मंदिर, पटेल नगर, राजनगर, शास्त्री नगर, गोविंदपुरम, विजय नगर आदि सभी जगह मंदिरों में तैयारियां की गई हैं। सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे।




### रामलीला के गार्ड को लगा तमाचा और पुलिस ने पूरा मामला सच ही जांचा

शहर वाली रामलीला में किस्सों की कमी नहीं है। एक किस्सा खत्म होता है तो दूसरा शुरू हो जाता है। मंत्री जी स्टेज से नीचे गिर गये और अभी ये मामला खत्म नहीं हुआ कि दूसरा मामला गार्ड के तमाचा लगने का आ गया। बताते हैं कि अचानक से ये बात चली कि किसी ने रामलीला के गार्ड को तमाचा मार दिया। मामला पुलिस तक पहुंचा तो पुलिस ने गार्ड को ही बुलाकर थोड़ा हार्ड और थोड़ा साफ्ट तरीके से मामले को जांच लिया। बात की सच्चाई वाली आईस्क्रीम पिघलती उससे पहले ही कोतवाल ने समझा दिया कि रामलीला में ही उड़ो तो ठीक है। पुलिस के सामने ये उड़ान ठीक नहीं है। हमने पूरा मामला जांच लिया है और हमारी जांच आगे बढ़ी तो तुम पर आंच आ ही जायेगी।

### अफसर कर रहे हैं सियासत और पोलिटिक्स वालों के हैं अफसरी अंदाज

बयार कुछ ऐसी बह रही है कि सरकार वाले तो खुद को अफसर समझ रहे हैं और अफसरों ने पोलिटिक्स बहुत बढ़िया खेल रखी है। जो जलवा सरकार वालों का नहीं है वो जलवा अफसरों का है। सरकार के कद्दावर मंत्री अफसरों के घर आ रहे हैं और सितम ये कि यहां के फ्लावर वाले किसी चेहरे को मुंह नहीं लगा रहे हैं। सत्ताधारी दल के विधायक लैटर लिखते ही रह गये और वर्दी वाले साहब के कंधों पर फौज वालों का हाथ विधायक जी की ही विधानसभा में दिखाई दिया। वो संदेश दे रहे थे कि विधायक जी तुमसे हमारा कुछ भी नहीं उखड़ पायेगा। अब जब रामलीला की महाभारत चली तो पता चला कि छोटे से अफसर ने भी बडी पोलिटिक्स खेल दी। विधायक जी को लोकसभा वाली गोली और लोकसभा वालों को विधानसभा वाला कैप्सूल दे दिया। इससे पहले वेल्थ वाले तो पूरे जनप्रतिनिधि मंडल को ही मैनेज करने का हुनर दिखा चुके हैं। उनका तो जलवा ये रहा है कि जिसने कभी उनके खिलाफ लैटर लिखा था बाद में उसी जनप्रतिनिधि ने उन्हीं के बारे में अपनी जुबान साईलेंट कर ली थी। सार ये है कि अफसर पोलिटिक्स बहुत बढ़िया खेल रहे हैं और जिन्हें जनता ने वोट दिया है वो जनता के बीच जाकर जनता में खोट निकाल रहे हैं।

### किस रामलीला में आ गया जज साहब के फोन वाला ट्विस्ट

राम की लीला ने भी गाजियाबाद में गजब की लीला दिखा दी है। राम की लीला को लेकर भाजपाई एक दूसरे से गुथने को तैयार हैं। छोटी सी रामलीला में कभी विधायक जी के फोन का किस्सा गूंजने लगता है। कभी पता चलता है कि सांसद जी भी रूचि ले रहे हैं। अब कहानी में नया ट्विस्ट जज साहब के फोन का आ रहा है। रामलीला वालों में ही ये किस्सा गूंज रहा है और बताया जा रहा है कि पार्षद जी के दूसरे पार्षद दोस्त हैं और सुना है कि वकील साहब की ज्यूडिशरी में सैटिंग अच्छी है। उन्होंने भी दोस्ती का पूरा फर्ज निभाया है और पता चला है कि रामलीला कमेटी वाले मामले को देख रहे अफसर के पास जज साहब से फोन कराया है। बताते हैं उसी फोन के बाद पूरी कहानी में एक नया ही मोड आया है।

# श्री दूधेश्वर नाथ वेद विद्यापीठ में घाट की स्थापना 55 विद्यार्थियों ने किया दुर्गा सप्तशती पाठ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवरात्र के पहले दिन सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर के दूधेश्वर नाथ वेद विद्यापीठ में घट की स्थापना की गई। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने द्वारका पुरी, दिल्ली गेट के प्राचीन देवी मंदिर बाला सुंदरी चतुभुर्जी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ किया। श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ में घट स्थापना के बाद दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया और पीठ के 55 विद्यार्थियों ने महाराजश्री के मार्गदर्शन में श्री दूधेश्वर के भक्तों, माता रानी के भक्तों व गाजियाबाद वासियों के कल्याण के लिए कष्ट निवारण मंत्र का जाप किया। सोमवार का दिन व पहला दिन होने से श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर में भक्तों की भीड उमडी और गाजियाबाद के साथ कई शहरों से भक्त भगवान दूधेश्वर व मां दुर्गा के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। उन्होंने श्रीमहंत नारायण गिरि से भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि नौ दिनों का उत्सव नवरात्र देवी दुर्गा के नौ रूपों की साधना और उपासना के लिए समर्पित होता है। इन दिनों भक्त माता से शक्ति, साहस, समृद्धि और परिवार में सुख-शांति की प्राप्ति की कामना करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र में माता की पूजा करने से घर.परिवार में सकारात्मक ऊर्जा, धन.धान्य और खुशहाली बनी रहती है। महाराजश्री ने श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर की शाखा दिल्ली गेट के प्राचीन देवी मंदिर बाला सुंदरी चतुभुर्जी देवी मंदिर में घट स्थापना व पूजा-अर्चना कर नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार काशी विश्वनाथ मंदिर से अन्नपूर्णा मंदिर व संकट मोचन मंदिर जुडा है, उसी प्रकार श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर से बाला सुंदरी चतुभुर्जी देवी मंदिर व चौपला का हनुमान मंदिर जुडा है। इसी कारण बाला सुंदरी चतुभुर्जी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों पर माता रानी कृपा करती हैं और उनके सभी दुखों को दूर कर उनके जीवन को सुखों से भर देती हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर में नौ दिन तक प्रतिदिन मां की पूजा-अर्चना करने के लिए हजारों भक्त आएंगे। माता रानी का भव्य श्रृंगार होगा। दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाएगा। सांयकाल प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती यज्ञ का आयोजन कराया जाएगा।

# संतोष विश्वविद्यालय में क्लिनिकल ग्रैंडियर ऑर्थोडॉन्टिक सम्मेलन का हुआ आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी में क्लिनिकल ग्रैंडियर नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन 12-13 सितंबर को इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी के सहयोग से किया गया। यह सम्मेलन दंत चिकित्सा के ऑर्थोडॉन्टिक्स और डेंटोफेशियल ऑर्थोपेडिक्स विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम ने शैक्षणिक उत्कृष्टता, राष्ट्रीय भागीदारी और नवाचार का प्रदर्शन किया।

### मुख्य विशेषताएँ और उपलब्धियाँ

**रिकॉर्ड-तोड़ भागीदारी:** इस साल के सम्मेलन में 173 पंजीकरण हुए, जो अब तक का सबसे ज्यादा था। इसमें आजीवन सदस्य और छात्र आजीवन सदस्य दोनों शामिल थे।

**राष्ट्रव्यापी प्रतिनिधित्व:** भारत के सभी 29 राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसने इसे सही मायने में एक राष्ट्रीय वैज्ञानिक मंच बना दिया।

**हाइब्रिड प्रारूप:** पहली बार, सम्मेलन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रारूपों में आयोजित किया गया। इस हाइब्रिड मॉडल ने अधिक लोगों के लिए सम्मेलन में भाग लेना संभव बनाया, जिससे इसकी पहुंच और समावेशिता बढ़ी।

**शैक्षणिक कार्यक्रम:** इस दो दिवसीय कार्यक्रम में देश भर के शीर्ष वक्ताओं ने व्याख्यान दिए। इसके अलावा, प्रतिनिधियों द्वारा शोध-पत्रों का प्रस्तुतीकरण भी हुआ, जिसमें सर्वश्रेष्ठ पत्रों को पुरस्कृत किया गया।

**विशिष्ट उपस्थिति:** उद्घाटन समारोह में संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. मनोज गोयल और कुलपति डॉ. वी. एन. महालक्ष्मी सहित इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. पुनीत बत्रा जैसे कई प्रमुख हस्तियाँ शामिल थीं।

**आयोजन टीम:** इस सम्मेलन का सफल आयोजन आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. राजीव अहलूवालिया के नेतृत्व में हुआ। टीम में डॉ. निशांत गुप्ता, डॉ. मयंक गुप्ता, डॉ. टीना चुघ और डॉ. ध्रुव यादव भी शामिल थे।

इस सम्मेलन को 'क्लिनिकल ग्रैंडियर' नाम दिया गया था, जिसने विज्ञान, सहयोग और 'भारत की विविधता में एकता' का जश्न मनाया। इस आयोजन ने ऑर्थोडॉन्टिक्स के क्षेत्र में चिकित्सकों और शोधकताओं की अगली पीढ़ी को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।

# राजनगर रामलीला में सीता स्वयंवर और भगवान परशुराम संवाद का मनमोहक मंचन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** श्री राम लीला समिति राजनगर की ओर से रामलीला में सोमवार को प्रभु श्री राम द्वारा भगवान शिव के धनुष तोड़ने की लीला का मंचन किया गया। जनकपुरी में आयोजित सीता स्वयंवर में अपने गुरु विश्वामित्र से आज्ञा लेकर राम शिव का धनुष तोड़ देते हैं। धनुष टूटने को लेकर क्रोधित हुए गुरु परशुराम का लक्ष्मण से तीखा संवाद होता है।

रामलीला मंचन से पूर्व समिति के उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने भगवान के स्वरूपों की तथा श्री रामायण की पूजा की। गुरु विश्वामित्र के साथ जब अयोध्या के दोनों राजकुमार जनकपुरी पहुंचते हैं तो वहां की शोभा को देखकर बेहद प्रसन्न हैं। जनकपुरी में राजा जनक की पुत्री सीता का स्वयंवर है, इसलिए पूरी जनकपुरी जगमग हो रही है। सीता स्वयंवर में भाग लेने के लिए विभिन्न देशों के 10 हजार राजा एवं राजकुमार आए हुए हैं। सीता स्वयंवर में लंकापति रावण तथा बाणासुर भी आए हुए हैं। राजा जनक एवं रानी सुनयना की शर्त के अनुसार स्वयंवर में आए सभी राजा धनुष उठाने का प्रयास करते हैं, लेकिन सभी असफल रहते हैं। तब राजा जनक को यह लगने लगा कि उनका यह निर्णय उचित नहीं था। तब उन्होंने क्रोध में कहा कि क्या इस धरती पर कोई ऐसा वीर नहीं है जिससे वह अपनी पुत्री का विवाह कर सकें। उनकी यह बात सुनकर लक्ष्मण क्रोध से आगबबूला हो गए और अपना धनुष धरती पर पटक दिया। उनके ऐसा करने से पूरी धरती कांपी उठी। वह अपने बड़े भाई राम से कहते हैं कि यदि उनकी आज्ञा हो तो वह पूरे ब्रह्मांड को उठा लें और धनुष को वह कमल की डण्डी के समान तोड़ कर फेंक दें। तब गुरु विश्वामित्र अयोध्या के राजकुमार रामचंद्र को आदेश देते हैं कि वह जाकर धनुष तोड़ दें। रामचंद्र जी जैसे ही धनुष उठाते हैं वह टूट जाता है। शिव जी धनुष टूटते ही देवता भी फूल बरसाते हैं और जनकदुलारी सीता राम के गले में वरमाला डाल देती हैं। धनुष के टूटने की टंकार सुनकर परशुराम जी विचलित हो उठते हैं और स्वयंवर स्थल पर पहुंचते हैं। शिव जी के टूटे हुए धनुष को देख कर वह अत्याधिक क्रोध करते हैं, जिसके कारण लक्ष्मण भी क्रोधित हो उठते हैं और दोनों के बीच तीखा संवाद होता है। बाद में वह राम को भी चुनौती देते हैं, तब प्रभु राम उन्हें धरती पर अपने अवतरण का ध्येय बताते हैं।

इस मौके पर समिति के संस्थापक एवं संरक्षक जितेन्द्र यादव तथा नरेश सिंघल, महामंत्री दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष योगेश गोयल,राजीव मोहन गुप्ता, आर एन पाण्डेय, ब्रजमोहन सिंघल, सुभाष शर्मा, आलोक मित्तल, दीपक मित्तल , अमरीश त्यागी, राजीव त्यागी, जी.पी. अग्रवाल, सुन्दर लाल यादव, मुकेश मित्तल, विनोद गोयल, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री सौरभ गर्ग, दिनेश शर्मा, मोतीलाल गर्ग, अनिल कुमार क्वालिटी स्टील वाले, मनीष वशिष्ठ, मदन लाल हरित, डीके गोयल, दीपक सिंघल, गोल्डी सहगल, ओमप्रकाश पोपली भोला, विजय लुम्बा, पंकज भारद्वाज, जेपी राणा, श्रीमती उषा गुप्ता, श्रीमती मंजू त्यागी, श्रीमती प्रीति मित्तल सहित राजनगर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल गाज़ियाबाद में महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई गई





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल गाज़ियाबाद के सभी सम्मानित व्यापारियों ने समाज के महान दाता, त्याग और सेवा के प्रतीक, महाराजा अग्रसेन जी की जयंती को जिला कार्यालय पर बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री संदीप बंसल, अनिल गर्ग, विनोद अग्रवाल, अमन शिशौदिया, बोबी, राजकुमार राजू, नरेन्द्र कुमार बिल्लू, राजेश गुप्ता, मूलचंद, सोनू सैनी, अनिल गुप्ता, राहुल कंसल, मुकेश कुमार, चेतन शर्मा, जगमोहन जॉन, रोहित गौतम, गौरव चौधरी, प्रवीण गौतम सहित अनेक गणमान्य व्यापारी उपस्थित रहे और सभी ने महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सभी व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि महाराजा अग्रसेन जी का जीवन समरसता, दानशीलता और लोककल्याण का अनुपम उदाहरण है। उनके आदर्श आज भी व्यापारियों और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।




### किस जोन में मामला चल रहा है आजकल टाइट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार पुलिसकर्मियों पर एक्शन हो रहा है। तो वहीं चर्चा है कि इन दिनों कमिश्नरेट में एक जोन बेहद टाइट चल रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि अबतक बीते 15 दिनों में जो ताबड़तोड़ कार्रवाई है, वह सबसे ज्यादा सिटी वाले जोन में ही हुई है। भ्रष्टाचार से लेकर कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में सबसे ज्यादा गाज सिटी जोन वालों पर ही गिरी है। तो वहीं दूसरे नंबर पर देहात और तीसरे नंबर पर नदिया पार का मामला चल रहा है। कमिश्नरेट वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिटी वाले साहब इन दिनों चोरी, झपटमारी के मामलों को लेकर जीरो टॉलरेंस वाली नीति अपना रहे हैं। सुनने में आया है कि कमिश्नरेट में दो खास चौकियों के चौकी प्रभारी बदले गए हैं। उनको अलग थाने पर भेजा गया है। तो कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस लाइन से सटी हुई चौकी क्षेत्र में सरेराह लूट की वारदात हुई थी। तो ऐसा ही मामला फ्लाई ओवर के बराबर वाले थानाक्षेत्र में भी सामने आया था। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि पहले तो मामला दोनों ही चौकी इचांर्ज पर कड़े एक्शन वाला होने की सूचना थी लेकिन बाद में मामला अदला बदली से ही निपट गया बताया जा रहा है।




सिटी वाले जोन में इस समय सर्वाधिक रामलीलाओं का आयोजन चल रहा है लेकिन अभी तक अधिकारीगण कहा हैं, इसकी भी जमकर चर्चा हो रही है। इधर सिटी वाली सबसे फेमस और पॉश रामलीला में कभी मेले के प्रभारी की जिम्मेदारी थ्री-स्टार को सौपी जाती थी, तो इस बार मामला टू-स्टार पर क्यों अटका है, इसका भी अभी कुछ पता नहीं है। सुनने में आ रहा है कि यहां जो अतिरिक्त वाले थ्री-स्टार आए थे, वह छुट्टी पर हैं, इसीलिए किसी दूसरे पर भरोसा जताया गया है। पर सवाल उठ रहा है कि जिन पर भरोसा बताया गया है, वैसे तो वह थाने में लंबे समय से हैं, पर मेले में वह कितना मेलजोल और टाइम देंगे यह पता अब ड्यूटी पर ही चलेगा। वही सुनने में आया है कि रामलीला के मैनेजमेंट को लेकर भी मामला थोड़ा टाइट बताया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बार खाकी वालों के मेला प्लान पर भी पानी फिर गया है। मेले में झूलों का ठेकेदार पुलिस का पूर्व टू-स्टार बताया जा रहा है। जो पुलिस को वैसा भाव नहीं दे रहा है जैसी दरकार थी। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी जोन में ताबड़तोड़ कार्रवाई का असर थाने के प्रभारी और एसीपी स्तर के अधिकारियों पर कितना होता है ,यह आने वाले समय में पता चलेगा लेकिन जिस तरीके से एक साहब का सर्किल बदला है और एक थाने वाले को अभी भी छूट मिली हुई है, इसको लेकर भी कम चर्चा नहीं है। कुल मिलाकर अगर सब कुछ ठीक रहा तो मामला ऑल इस वेल रहेगा और कोई गड़बड़ वाला सीन हुआ, तो देखना होगा की कलम किसकी फंसेगी और कौन फंसाया जाएगा।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल शालीमार गार्डन द्वारा रोजमर्रा की वस्तुओं पर जीएसटी कम करने के निर्णय पर प्रधानमंत्री का धन्यवाद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल शालीमार गार्डन के अध्यक्ष शैलेंद्र सक्सेना के सौजन्य से वी टेक पावर सिस्टम, शालीमार गार्डन में धन्यवाद सभा आयोजित की गई। सभा में मुख्य अतिथि महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान रहे। सभा में उपस्थित व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रोजमर्रा की वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कमी के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। पप्पू पहलवान ने कहा कि इस कदम से उपभोक्ताओं को राहत, व्यापारियों को सुविधा और छोटेझमझोले कारोबारियों को नई ऊर्जा मिलेगी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से शैलेंद्र सक्सेना, राहुल शर्मा, श्याम शर्मा, संदीप पाल, प्रतीक माथुर, अखिलेश कुमार, केशव सक्सेना, सुनील चौधरी, कैलाश दीक्षित, अनिल सिंह, देव सूरी, शशांक अग्रवाल, कुलदीप रावल, लेखराज, विशु कार्नवाल, सतीश शैंकी वोहरा, राज जैन, सुमन सती, प्रेम शर्मा, सुरजीत कुमार, गौरव, भोपाल सिंह, अशोक मित्तल, सुभाष रेड्डी एवं प्रतीक माथुर आदि लोग उपस्थित रहे।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नवरात्र पर्व सोमवार से शुरू हो गए। पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ देवी भक्तों ने प्रथम दिन मां दुर्गा के स्वरूप शैलपुत्री की आराधना की। कविता करगेती में नवरात्र पर अपनी आस्था और श्रद्धा को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ब्रिटिशः युवाओं को लुभाने की ताक में ब्रिटिश सरकार

## अमेरिकी वीजा शुल्क 88 लाख होने के बाद जीरो फीस पर मंथन

**ब्रिटिश ।** युवाओं को लुभाने की ताक में ब्रिटिश सरकार वीजा संबंधी फीस में कटौती पर विचार कर रही है। एक रिपोर्ट में ऐसा दावा किया जा रहा है। खास बात ये है कि अमेरिकी वीजा शुल्क के 88 लाख रुपये होने के बाद यूके की सरकार ने वीजा फीस घटाने के संकेत दिए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन की सरकार वैश्विक प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए अपने 'ग्लोबल टैलेंट वीजा' को और आकर्षक बनाने की तैयारी में है।



**अमेरिकी वीजा शुल्क के 88 लाख रुपये होने के बाद यूके की सरकार ने वीजा फीस घटाने के संकेत दिए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन की सरकार वैश्विक प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए अपने 'ग्लोबल टैलेंट वीजा' को और आकर्षक बनाने की तैयारी में है**

दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों को प्रोत्साहित करने का प्रयास यूके की वीजा फीस से जुड़ी एक रिपोर्ट में कहा गया कि प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और वित्त मंत्री रैचल रीव्स के नेतृत्व वाली 'ग्लोबल टैलेंट टास्कफोर्स' वीजा शुल्क पूरी तरह समाप्त करने (फीस वेवर) पर विचार कर रही है। इस रिपोर्ट के अनुसार, स्टार्मर सरकार की इस पहल का मकसद दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों, जिनमें बड़ी संख्या भारतीयों की भी है, को ब्रिटेन में स्थानांतरित होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

ब्रिटेन की सरकार उठाएगी खर्च इस रिपोर्ट में कहा गया कि ब्रिटेन ने इसी वर्ष 54 मिलियन पाउंड का 'ग्लोबल टैलेंट फंड' शुरू किया है। इसका इस्तेमाल शोधकताओं और उनकी टीमों के स्थानांतरण और अनुसंधान का खर्च वहन करने के लिए किया जाएगा। पांच वर्षों तक सरकार इस फंड का इस्तेमाल कर सकेगी। ब्रिटेन के विज्ञान मंत्री लॉर्ड पैट्रिक वलेंस और पीएम के बिजनेस सलाहकार वरुण चंद्रा इस टास्कफोर्स का संचालन कर रहे हैं। सरकार का कहना है कि यह कदम ब्रिटेन की वैश्विक नेतृत्व स्थिति को मजबूत करेगा और दवाओं, नई तकनीकों और भविष्य के आविष्कारों में नवाचार को गति देगा।

वङ का ग्लोबल टैलेंट वीजा तंत्र बेहद जटिल, अब आसान बनाई जा रही प्रक्रिया ब्रिटेन की वीजा नीति से परिचित एक सरकारी अधिकारी ने कहा, वीजा शुल्क शून्य करने का विचार ऐसे लोगों के लिए किया जा रहा है, जिन्होंने दुनिया के शीर्ष पांच विश्वविद्यालयों से पढ़ाई की हो या प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते हों। इस रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन का मौजूदा ग्लोबल टैलेंट वीजा तंत्र बेहद जटिल माना जाता है।

# आपात स्थिति में फोन कॉल न जुड़ने के कारण चार की मौत, अब देशभर के संपर्क तंत्र में बदलाव की तैयारी

**ऑस्ट्रेलिया ।** ऑस्ट्रेलिया की एक बड़ी टेलीकॉम कंपनी की तकनीकी खामी के कारण सैकड़ों लोग आपात स्थिति में संपर्क नहीं कर पाए, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो घई। इस घटना के बाद सरकार अब पूरे देश में संपर्क प्रणाली को दुरुस्त करने की बात कर रही है। ऑप्टस ऑस्ट्रेलिया की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी है। उसने बताया कि गुरुवार को एक तकनीकी खराबी के चलते 624 फोन कॉल आपातकालीन सेवा (000 नंबर) से नहीं जुड़ पाईं। अमेरिका में आपात स्थिति में लोग 911 डायल करते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया में 000 पर कॉल किया जाता है। जिन कॉल के दौरान दिक्कत आई, उनमें से चार मामलों में लोगों की जान चली गई।




टेलीकॉम कंपनियों पर पहले भी लग चुका जुमार्ना यह पहली बार नहीं है, जब इस कंपनी पर ऐसी लापरवाही का आरोप लगा हो। पिछले साल नवंबर में भी नेटवर्क बंद होने के दौरान मदद के लिए फोन कर रहे लोग संपर्क नहीं कर पाए, जिस कारण कंपनी पर 1.2 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब आठ मिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुमार्ना लगाया गया था। देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी टेल्स्ट्रा को भी पिछले साल दिसंबर में 30 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब दो मिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुमार्ना देना पड़ा था, क्योंकि उसके केंद्र में तकनीकी खामी आने से लोग समय पर संपर्क नहीं कर पाए थे।

सख्त कार्रवाई करेंगेः ऑस्ट्रेलियाई सूचना मंत्री ऑस्ट्रेलिया की सूचना मंत्री अनिका वेल्स ने कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, ऑप्टस और अन्य सभी कंपनियों की यह जिम्मेदारी है कि लोग जब भी किसी परेशानी में हों, तो उनका संपर्क बिना किसी बाधा के हो। उन्होंने आगे कहा कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी और सभी कंपनियों को अब सतर्क रहना होगा। इस चूक के लिए ऑप्टस को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। ऑप्टस के प्रमुख स्टीफन रुए ने इस घटना पर दुख जताया और माफी मांगी।

# पाकिस्तान ने अपने ही लोगों पर बरसाए बम

## दावा- खैबर पख्तूनख्वा में 30 की जान गई

पाकिस्तान। पाकिस्तान की वायुसेना पर अपने ही लोगों पर बमबारी के आरोप लगे हैं। सोमवार को कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पाकिस्तानी वायुसेना ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के वजीरिस्तान स्थित तिराह घाटी में बिना कोई चेतावनी जारी किए ही बम गिरा दिए। इस हमले की चपेट में आकर 30 लोगों की जान चली गई। बताया गया है कि यह बमबारी पाकिस्तानी वायुसेना के जेएफ-17 विमान के जरिए की गई। जो बम बरसाए गए, वह घातक किस्म के एलएस-6 बम थे। यह घटना रविवार देर रात करीब दो बजे की है। धमाके इतने तेज थे कि गांव के गांव तबाह हो गए। हमले में कई लोग घायल भी हुए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पाकिस्तान की वायुसेना इन हमलों के जरिए आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को निशाना बनाने की कोशिश कर रही थी। हालांकि, आतंकियों के बजाय हमले में अधिकतर नागरिकों की मौत हुई। खान की पार्टी- पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) खैबर पख्तूनख्वा संभाग ने इस घटना की जानकारी दी है। पार्टी ने बताया है कि हमले में कई आम लोग घायल हुए हैं। पांच से ज्यादा घर भी तबाह हुए हैं। इसके अलावा महिलाओं और बच्चों की मौत हुई है। पीटीआई ने इस घटना की तस्वीरें और वीडियो साझा किए हैं। घटना पर प्रांतीय सदन के सदस्य अब्दुल गनी अफरीदी ने कहा कि सरकार अपने ही लोगों को निशाना बनाकर मानवता के खिलाफ अपराध को अंजाम दे रही है।




दूसरी तरफ पीटीआई खैबर पख्तूनख्वा के एक्स हैंडल में पोस्ट में कहा गया कि कभी ड्रोन हमले तो कभी बमबारी से नफरत के बीज बोए जा रहे हैं। जब यह गुस्से का गुबार फूटेगा तो कुछ भी नहीं बचेगा।

# पुतिन ने बढ़ाई रूस-अमेरिका परमाणु हथियार संधि की अवधि, ट्रंप प्रशासन के भी सहमत होने की उम्मीद

**रूसी ।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस और अमेरिका के बीच हुई परमाणु हथियारों संधि की अवधि को बढ़ाने का एलान किया। पुतिन ने कहा कि वह नई स्टार्ट परमाणु हथियार संधि की अवधि को एक साल के लिए और बढ़ा रहा है। अब इस संधि की अवधि बढ़ाने को अमेरिका से भी मंजूरी मिलने की उम्मीद है। माना जा रहा है ट्रंप प्रशासन भी संधि को लेकर बड़ा फैसला ले सकता है। अभी यह संधि पांच फरवरी 2026 तक लागू है।



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस न्यू स्टार्ट परमाणु हथियार संधि का एक और वर्ष तक पालन करना जारी रखेगा। पुतिन ने कहा कि रूस आगे तनाव या हथियारों की होड़ में दिलचस्पी नहीं रखता। समझौते की समाप्ति से वैश्विक स्थिरता पर नकारात्मक परिणाम होंगे। पुतिन ने कहा कि रूस यह उम्मीद करेगा कि अमेरिका भी हमारा अनुसरण करेगा तथा संधि की सीमाओं का पालन करेगा। 2010 में प्राग में नई रळअफ्ळ संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह संधि 2011 में लागू हुई और 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के पदभार ग्रहण करने के ठीक बाद पांच साल के लिए बढ़ा दी गई। यह संधि संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस द्वारा तैनात किए जा सकने वाले रणनीतिक परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करती है। इसके जरिए भूमि और पनडुब्बी आधारित मिसाइलों और बमवर्षकों की तैनाती को सीमित किया जाता है। दोनों देश 1550 से अधिक परमाणु हथियार तैनात नहीं कर सकते। जबकि अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों, पनडुब्बी से प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइलों और परमाणु-सक्षम भारी बमवर्षकों की संख्या 700 से ज्यादा नहीं होगी।

# नेपाल की अंतरिम सरकार में चार नए मंत्री, राष्ट्रपति पौडेल ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

**नेपाल ।** नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की सरकार में पांच नए मंत्रियों को शामिल किया गया है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने अनिल कुमार सिन्हा, महावीर पुन, जगदीश खरेल और मदन परियार को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस विस्तार के बाद अंतरिम सरकार की कैबिनेट में शामिल सदस्यों की संख्या बढ़ गई है। अब पीएम कार्की समेत कुल आठ मंत्री हैं।





किस मंत्री को कौन से विभाग का जिम्मा शिक्षा, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्रालय की जिम्मेदारी महावीर पुन को सौंपी जाएगी। वह राष्ट्रिय आविष्कार केंद्र के अध्यक्ष हैं। संचार, सूचना तथा प्रौद्योगिकी मंत्रालय के लिए वरिष्ठ पत्रकार जगदीश खरेल का नाम आगे बढ़ाया गया है। वह इमेज मीडिया ग्रुप में समाचार प्रमुख रहे हैं। इसके अलावा, कृषि मंत्रालय का नेतृत्व मदन परियार करेंगे, जबकि उद्योग तथा भूमि सुधार मंत्रालय का कार्यभार पूर्व न्यायाधीश अनिल कुमार सिन्हा को सौंपा जाएगा। अब तक कैबिनेट में प्रधानमंत्री समेत कुल आठ मंत्री हो गए हैं। प्रधानमंत्री कार्की ने कई अहम मंत्रालय अपने पास रखे हैं।

शपथ से पहले एक मंत्री का नाम विवाद के कारण हटाया गया इससे पहले रविवार को राष्ट्रपति कार्यालय ने घोषणा की थी कि अंतरिम सरकार में पांच नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। हालांकि, संगीता कौशल मिश्रा को बाद में उनकी विवादास्पद पृष्ठभूमि के कारण हटा दिया गया। सूत्रों के अनुसार, नेपाल की भ्रष्टाचार विरोधी संस्था, सत्ता के दुरुपयोग की जांच के लिए गठित आयोग (सीआईएए), इनसे जुड़े एक मामले की जांच कर रही है कार्की ने 12 सितंबर को संभाला था प्रधानमंत्री का पद 73 वर्षीय कार्की 12 सितंबर को प्रधानमंत्री बनी थीं। इससे पहले केपी शर्मा ओली की सरकार भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया प्रतिबंध को लेकर जेन-जी के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद गिर गई थी।

# अमेरिकी महिला ने एआई की मदद से जीती 1.25 करोड़ रुपये की लॉटरी

**अमेरिका ।** रिश्तों में सलाह देना हो या किसी की मन की बात सुनना, आज चैटजीपीटी कई तरह से लोगों की मदद कर रहा है। लेकिन अब यह लॉटरी जीतने में भी मददगार साबित हो रहा है। वर्जीनिया के मिडलोथियन शहर की रहने वाली कैरी एडवर्ड्स इसका ताजा उदाहरण हैं। उन्होंने आठ सितंबर को वर्जीनिया लॉटरी में चार सही नंबर और पावरबॉल मिलाकर लॉटरी जीत ली। पहले उन्हें 50 हजार अमेरिकी डॉलर (करीब 42 लाख रुपये) मिलने वाले थे। लेकिन उन्होंने 'पावर प्ले' नाम का एक विकल्प चुना, जिसमें केवल एक डॉलर और जोड़ने पर इनाम तीन गुना हो गया। इस तरह उन्हें कुल 1,50,000 डॉलर (करीब 1.25 करोड़ रुपये) मिले।




**रिश्तों में सलाह देना हो या किसी की मन की बात सुनना, आज चैटजीपीटी कई तरह से लोगों की मदद कर रहा है। लेकिन अब यह लॉटरी जीतने में भी मददगार साबित हो रहा है। वर्जीनिया के मिडलोथियन शहर की रहने वाली कैरी एडवर्ड्स इसका ताजा उदाहरण हैं। उन्होंने आठ सितंबर को वर्जीनिया लॉटरी में चार सही नंबर और पावरबॉल मिलाकर लॉटरी जीत ली**

चैटजीपीटी ऐप से पूछे नंबर अब सवाल यह है कि ये इनाम जीतने वाले नंबर उन्हें किसने बताए? ये नंबर चैटजीपीटी ने दिए। कैरी आमतौर पर लॉटरी नहीं खेलतीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने फोन के चैटजीपीटी ऐप से नंबर पूछे। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने बताया, 'मैंने चैटजीपीटी से कहा- मुझसे बात करो...क्या तुम्हारे पास मेरे लिए कुछ नंबर हैं?'

फोन पर आए नोटिफिकेश ने कैरी को चौंका दिया दो दिन बाद जब वह एक बैठक में थीं, तो उनके फोन पर एक नोटिफिकेशन आया, जिसने उन्हें चौंका दिया। शुरूआत में उन्हें लगा कि यह कोई धोखाधड़ी है, लेकिन जब उन्होंने खबर की पुष्टि की तो उन्हें इस जिंदगी बदल देने वाली जीत पर भरोसा हुआ। यह इनाम मेरे पास आया तो मुझे तुरंत समझ आ गया कि मुझे इस पैसे का क्या करना है। मुझे लगा कि मुझे यह सब दान कर देना चाहिए, क्योंकि मुझे पहले ही बहुत कुछ मिला है। मैं चाहती हूं कि यह एक उदाहरण बने कि जब किसी को कुछ अच्छा मिले तो वह दूसरों की मदद करे।

पैसे को नेक कामों में बांटने का किया फैसला कैरी एडवर्ड्स ने पूरे 1,50,000 डॉलर अच्छे कामों में बांटने का फैसला किया। पहला हिस्सा उन्होंने एक चैरिटी को दिया, जिसका नाम एसोसिएशन फॉर फ्रंटोटेम्पोरल डिजेनरेशन है। यह संस्था ऐसी बीमारी पर शोध करती है, जिससे 2024 में उनके पति की मौत हुई थी। दूसरा हिस्सा शलोम फार्म्स को दिया गया, जो रिचमंड में एक जैविक खेती करने वाला फार्म है और भूख की समस्या को हल करने के लिए काम करता है। तीसरा हिस्सा नेवी-मरीन कॉर्प्स रिलीफ सोसायटी को मिला, जो उनके दिल के बहुत करीब है, क्योंकि उनके पिता एक फाइटर पायलट थे और इस संस्था से हमेशा जुड़े रहे।

# 35 हजार मदरसों में बच्चों को खतरा धार्मिक शिक्षा के नाम पर हो रहा यौन शोषण, संसदीय समिति ने चेताया

**पाकिस्तान ।** पाकिस्तान के मदरसों व स्कूलों में बच्चों के यौन शोषण संबंधी रिपोर्ट के सामने आने के बाद एक संसदीय समिति ने इस पर चिंता जताई। समिति ने मदरसों व स्कूलों में बच्चों को दुर्व्यवहार से बचाने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षा के नाम पर किसी भी बच्चे को कष्ट न सहना पड़े।

पाकिस्तानी अंग्रेजी दैनिक डॉन में शुक्रवार को प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया कि सीनेटर समीना मुमताज जेहरी की अध्यक्षता में मानवाधिकारों पर सीनेट की कार्यात्मक समिति ने बृहस्पतिवार को पंजाब, सिंध व खैबर पख्तूनख्वा के मदरसों में दंड, यातना व यौन शोषण की परेशान करने वाली रिपोर्टों की समीक्षा के लिए एक बैठक की। संघीय व प्रांतीय विभागों के अधिकारियों ने समिति को इस मुद्दे के समाधान के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कदम का उद्देश्य वैध धार्मिक संस्थानों को निशाना बनाना नहीं बल्कि निगरानी व जवाबदेही के माध्यम से दुर्व्यवहार को खत्म करना है।



सीनेटर जेहरी ने वित्तीय पारदर्शिता-निगरानी के अभाव पर जताई चिंता सीनेटर जेहरी ने इन संस्थानों के उचित पंजीकरण, वित्तीय पारदर्शिता व निगरानी के अभाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मदरसों के नियमित निरीक्षण, अनिवार्य अभिभावक-शिक्षक सहभागिता, बाल संरक्षण पर शिक्षक प्रशिक्षण और शारीरिक दंड पर प्रतिबंध सहित कड़े कदम उठाने का आह्वान किया। सीनेटर ने दर्ज मामलों में दोषसिद्धि की बेहद कम दर पर भी प्रकाश डाला और चेतावनी दी कि अभियोजन और रोकथाम के बिना, दुर्व्यवहार का चक्र बेरोकटोक जारी रहेगा।

सीनेटर मुमताज बोलीं-कमाई करने में लगे कई मदरसे सीनेटर समीना मुमताज जेहरी ने कहा कि कई मदरसे राष्ट्रीय शिक्षा ढांचे में एकीकृत होने के बजाय कमाई करने वाली प्रणालियों में बदल गए हैं। बैठक में अन्य सदस्यों ने बच्चों की सुरक्षा के लिए जिला-स्तरीय निगरानी और सुसंगत प्रांतीय कानूनों की सिफारिश की। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान में 35 हजार से ज्यादा मदरसे हैं, जहां हजारों बच्चे धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं।

# ब्राजील के 26 राज्यों और संघीय जिले में प्रदर्शन

## बोल्सोनारो को माफी देने वाले विधेयक का किया विरोध

**ब्राजील ।** ब्राजील में रविवार (स्थानीय समयानुसार) को सभी 26 राज्यों और संघीय जिले में लोगों ने प्रदर्शन किए। ये विरोध प्रदर्शन पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो और उनके सहयोगियों को माफी देने की संभावित योजना के खिलाफ किए गए। बता दें कि बोल्सोनारो और उनके सहयोगियों को तख्तापलट की साजिश रचने के मामले में सजा सुनाई गई है। बीते मंगलवार को निचले सदन ने एक सांविधानिक संशोधन पारित किया था, जिससे सांसदों को गिरफ्तार करना या उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई शुरू करना मुश्किल हो जाएगा। अब यह विधेयक सीनेट में जाएगा।



विधेयक के तहत बोल्सोनारो-सहयोगियों को दी जा सकती है माफी इसके अगले दिन, निचले सदन ने विपक्षी दक्षिणपंथी सांसदों द्वारा पेश किए गए एक विधेयक को तेजी से पारित करने के लिए मतदान किया। इस विधेयक के तहत बोल्सोनारो, उनके सबसे करीबी सहयोगियों और जनवरी 2023 की बगावत में दोषी ठहराए गए सैकड़ों समर्थकों को माफी दी जा सकती है।

बोल्सोनारो को 27 साल की सुनाई गई है सजा पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो को 11 सितंबर को 27 साल और तीन महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2022 का चुनाव हारने के बाद सत्ता में बने रहने के लिए तख्तापलट की साजिश रची थी। लैटिन अमेरिका की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में चुनाव पलटने की कोशिश करने वाले वे पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं, जिन्हें दोषी ठहराया गया है। हालांकि, बोल्सोनारो ने सभी आरोपों से इनकार किया है।

कई प्रमुख कलाकारों ने प्रदर्शनों को दिया बढ़ावा रविवार के प्रदर्शनों को कई प्रमुख कलाकारों ने आयोजित किया और बढ़ावा दिया। ब्राजील के मशहूर संगीतकार कैटानो वेलोसो, चिको बुआर्क और गिल्बर्टो गिल- जिन्होंने 1960 के दशक की सैन्य तानाशाही के दौरान सेंसरशिप का सामना किया था, रियो डी जेनेरियो के कोपाकबाना इलाके में विरोध प्रदर्शन के लिए एकजुट हुए।

वेलोसो ने शनिवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में कहा, 'मुझे इस खबर से बहुत गुस्सा आया कि कई सांसदों ने अपने और अपने सहयोगियों के लिए एक सुरक्षा कानून के पक्ष में मतदान किया है। इसके साथ ही, तख्तापलट की साजिश रचने वालों के लिए माफी देने का प्रस्ताव भी रखा गया। मुझे लगता है कि मैं ब्राजील की अधिकांश आबादी से सहमत हूं, जो नहीं चाहती की ये सब हो।'

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महापौर व पार्षद ने नंदग्राम कृष्णा कुंज में वितरण किये वस्त्र व बर्तन

## पहले नवरात्रि के महत्व को ध्यान में रख कर महिलाओं के लिए रखा गया यह कार्यक्रम



### महापौर ने सभी महिलाओं का माला पहनाकर बढ़ाया सम्मान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 11 कृष्ण कुंज में नरेंद्र मोदी जी के 75 में जन्मोत्सव सेवा पखवाड़ा अंतर्गत निर्धन माता और बहनों को स्थानीय पार्षद छाया संजय त्यागी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गाजियाबाद की लोकप्रिय महापौर सुनीता दयाल द्वारा 75 बर्तनों का सेट वह साड़ी निर्धन जरूरतमंद गरीब माता बहनों को वितरण किया इस अवसर स्थानीय पार्षद छाया संजय त्यागी ने फूलों का गुलदस्ता और पटका पहनकर ढोल नगाड़ों के साथ महापौर का स्वागत किया, महापौर ने भी सभी उपस्थित माता बहनों को अपने हाथ से माला पहनकर समान वितरण किया और महापौर ने बताया कि यह अच्छी पहल है हमारे स्थानीय पार्षद के इस कार्य कि मैं सराहना करती हूं की नवरात्र और सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत इन्होंने बहुत सुंदर और एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया है महापौर ने उपस्थित सभी क्षेत्रवासियों से स्वच्छता के लिए विशेष अपील कर जागरूक किया, इस अवसर पर स्थानीय पार्षद पति संजय त्यागी द्वारा मंच का संचालन किया गया कार्यक्रम में उपस्थित मास्टर ब्रह्म दत्त त्यागी,एस सी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मोनू सूद, दयाशंकर ठाकुर, पंडित लीलाधर शास्त्री, बृजेश गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता सुभाष पाल, एवं अन्य क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# महंगाई के खिलाफ प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा गिफ्ट : राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती एक ऐतिहासिक निर्णय है। यह कदम महंगाई के खिलाफ देश को मिला बड़ा गिफ्ट है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से आम जनता की जेब पर सीधा असर पड़ेगा, महंगाई घटेगी और लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। वहीं व्यापारियों और उद्योगों को भी प्रतिस्पर्धा में मजबूती मिलेगी।

## जीएसटी दरों में कटौती से आमजन और व्यापारियों दोनों को मिलेगा लाभ

नरेंद्र कश्यप ने बताया कि मोदी सरकार ने लंबे समय से उठाई जा रही व्यापारियों की मांग को पूरा कर संवेदनशीलता और दूरदृष्टि का परिचय दिया है। यह कदम न केवल गाज़ियाबाद बल्कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेगा।





▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सपा का एक दलित चेहरा इन दिनों कर रहा है दो नावों में सवार होने की तैयारी? पता चला है इनके दिल में चुनाव लड़ने के अरमान हो गये हैं पूरी प्रबलता से जारी? इन्होंने प्लान-बी किया हुआ है तैयार? अगर साईकिल वालों ने पैडल मारने का मौका नहीं दिया? तो ये हो जायेंगे साईकिल पर सवार? सुना है इन्होंने अंदरखाने कई महावतों को पहुंचा दी है अपनी पुकार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लगातार दिखाई देता है संजयनगर रामलीला का विवाद? सुना है इस विवाद में सामने से तो नहीं मगर दो विधायक पर्दे के पीछे से कर रहे हैं दो-दो हाथ? हमें तो लग रहा है अब टपके का डर? कहीं इस विवाद का पड़ ना जाये दोनों विधायकों के संबंधों पर कोई असर? क्योंकि जितनी लंबी चलती है लड़ाई? उतनी बात बिगड़ती जाती है? ये सामान्य सा मनोविज्ञान है भाई?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं एक बात कर रहा हूं सोच समझ कर अर्ज? अगर हो गया कार्य वाली कारिणी का चुनाव? तो फिर चुनाव में पार्टिसिपेट करने वाले मैम्बर्स के हो जायेंगे काफी पैसे खर्च? कहने वाले ने कहा वैसे अब हमें लग रही है चुनाव होने की ही उम्मीद? क्योंकि जो व्यवस्था जहां छोड़ी थी वो वहां से नहीं होनी हैं कोई रीत? इसलिए ना जाने क्या गुजरगी उस वक्त मैम्बरों पर, जब होगा चुनाव? ना जाने कौन हारेगा और कौन पायेगा जीत?

▸▸ **क्यों कहा एक भगवा मैम्बर ने कि** ये बात बिल्कुल भी नहीं है एक्ट के अनुसार फाईन? जब कराना होता है कार्यकारिणी का चुनाव? तब अधिकारियों को देना होता है 96 घंटे का टाईम? कार्यकारिणी की बैठक के लिए 76 घंटे का नियम है सेट? मगर 48 घंटे वाले नोटिस ने हमें कर दिया है अपसेट? अब इतने कम घंटों में हम कैसे मनायेंगे माहौल? कैसे मजबूत करेंगे हम अपना रोल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैंने एक बात पर लगाये थे बारीकी से कान? मैं देख रहा था कसाना जी का शुभचिंतक उनको दे रहा था ज्ञान? वो दे रहा था उनको उपदेश, सिर्फ अर्जुन की तरह मछली की आंख पर निशाना साधो? दूर रखो अपने से बाकी क्लेश? नहीं छोड़ो आप किसी पर आरोपों के तीर? इस तरह की गतिविधियां दावेदारी को नहीं रहने देतीं हैं गंभीर? देखना अब ये है इस बात को कितना समझे होंगे कसाना वीर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारे डेढ़ा भैया का दिल है बड़ा महान? हमने देखा भले ही मैराथन वाली दौड़ के मंच पर उनकी टीम का कोई चेहरा नजर ना आया हो? मगर मंच पर उनके साथ हापुड़ युवा मोर्चा के महामंत्री मौजूद थे श्रीमान? अब आप कहोगे कि हापुड़ वाले महामंत्री अग्रवाल जी के हैं खास? इसलिए उन्हें आने दिया गया मंच के पास? अगर ऐसा हो सकता है तो फिर डेढ़ा भैया भी तो कर सकते थे अपनी टीम के लिए प्रयास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मेरे दिल ने जब देखा उस वक्त के थानेदार का फोटो? तो वो हो गया हैरान? पुलिस लाईन में अब समानिया जी ने बना ली है अपनी पोलिटिक्ल पहचान? लगा था उनका फोटो जिसमें नेता के रूप में दिख रही थी उनकी पहचान? कहने वाले ने कहा अब ये भी पता चल जाये, आगे की उनकी राजनीति का क्या है प्लान? आप इतिहास में जाओगे तो आपको पता चलेंगी उनकी जांबाजी की कहानियां? राजनीति में कुछ ना कुछ तो करके मानेंगे मिस्टर समानिया?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें अच्छा लगता है हमारे डेढ़ा भैया का किरदार? वो प्रकट करना नहीं भूलते हैं आयोजन के बाद अध्यक्ष जी का आभार? हमने देखा वो अयोध्या वाले राम जी की फोटो लेकर गये थे भगवा योद्धा के पास? कार्यक्रम की सफलता का उन्होंने जबरदस्त तरीके से कराया था एहसास? उन्होंने योद्धा से बोला था आपके भीड़ मैनेजमेंट को लेकर हम काफी कुछ रहे हैं सीख? कल का अति सफल कार्यक्रम है इस बात की तस्दीक?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब पहुंचे गाजियाबाद के यादव जी भैया जी के नजदीक? तब भैया जी ने उनसे पूछा आपने चुनाव लड़ने के लिए पसंद की है कौन सी सीट? ये शब्द सुनकर आ गई यादव जी के चेहरे पर मुस्कुराहट? उन्होंने कहा हम तो अपना मुकद्दर किसी भी सीट पर तलाश लेंगे? बस हमें लगनी चाहिए टिकट मिलने की आहट? कहने वाले ने कहा कि भैया जी के सामने उनको करनी चाहिए थी सिर्फ एक या दो सीट अर्ज? ज्यादा बताने से बढ़ जाता है मर्ज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** करने वालो को करना चाहिए नमो मैराथन के लिए विशेष रूप से अग्रवाल जी को भी थैंक्स? उन्होंने अपने स्कूल से काफी बड़ी संख्या में बच्चे किये थे अरेंज? वैसे भी अग्रवाल जी पार्टी के हर छोटे से बड़े कार्यक्रम में देते हैं दस्तक? हर जगह दिखाई देता है उनका मस्तक? अपने इसी अंदाज से उन्होंने मैराथॉन में भी कराया अपनी उपस्थिति का एहसास? जो उमड़ा था सैलाब, उसमें उनका भी था प्रयास?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# प्रथम नवरात्र पर विभु बंसल ने किया प्राचीन महामाई मठ के जीर्णोद्धार का उद्घाटन

## हवन-पूजन के साथ नगर पालिका अध्यक्ष ने दी आस्था को नई ऊर्जा





**पिलखुवा, करंट क्राइम।** प्रथम नवरात्रि के पावन अवसर पर पिलखुवा नगर के सिद्धीकपुरा स्थित प्राचीन महामाई मठ का जीर्णोद्धार नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने फीता काटकर और हवन-पूजन के साथ उद्घाटन किया।

इस दौरान विभु बंसल ने कहा कि धार्मिक स्थल हमारी संस्कृति और आस्था के प्रतीक हैं। इनका संरक्षण और जीर्णोद्धार नगर पालिका की प्राथमिकता है ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इस धरोहर से जुड़ सकें।



उद्घाटन के अवसर पर नगर पालिका सभासद डॉ. राजेश कुमार, लोकेश प्रजापति, कमल सैनी, सोनू कटारिया, कल्लू सैनी, राकेश कुमार प्रजापति, करण सिंह, दीपक कटारिया, मांगते कटारिया, मुकेश कटारिया, राजीव जोहार, नीतू कटारिया, गीता कटारिया सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

# विधायक संजीव शर्मा ने वार्ड 1 और 14 में 40 लाख की लागत से निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ

## जनता ने विधायक संजीव शर्मा का किया जोरदार स्वागत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर को आदर्श शहर बनाने के संकल्प के साथ लगातार विकास कार्यों में जुटे विधायक संजीव शर्मा ने सोमवार को वार्ड 1 और वार्ड 14 में करीब 40 लाख रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया।

वार्ड 1 के क्रिश्चियन बागू में विमल के मकान से बाला यादव के मकान तक सीसी रोड और नाली निर्माण (अनुमानित लागत 13 लाख रुपये) तथा चंद्रपाल आटा चक्की से रामकिशन के मकान तक सीसी रोड (लागत लगभग 10 लाख रुपये) का शुभारंभ किया गया।

इसके अलावा, वार्ड 14 विजय नगर में डेंस रोड और दोनों तरफ इंटरलॉकिंग टाइल्स के कार्य का उद्घाटन किया गया जिसकी अनुमानित लागत लगभग 17.50 लाख रुपये है। इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि जनता ने जिस भरोसे से उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, उस भरोसे पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद की जनता उनका परिवार है और परिवार के हर सदस्य की समस्या के समाधान के लिए वे हर समय तत्पर हैं।



# बिरेंद्र बाबू वर्मा की आपत्ति के बाद डिप्टी रजिस्ट्रार का नया आदेश



## संजय नगर रामलीला कमेटी के सभी छह सदस्य अब समान अधिकार से करेंगे आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संजय नगर की श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी को लेकर चल रहे विवाद में सोमवार को बड़ा बदलाव हुआ। डिप्टी रजिस्ट्रार ने नया आदेश जारी कर सभी छह सदस्यों को समान अधिकार देने का निर्णय लिया। दरअसल, 19 सितम्बर को पारित आदेश के विरुद्ध बिरेंद्र बाबू वर्मा ने कड़ा एतराज जताते हुए लिखित आपत्ति दर्ज कराई थी। उन्होंने मांग की थी कि समिति के सभी सदस्य बराबरी के हकदार हों और आपसी सहमति से रामलीला का संचालन करें।

आपत्ति स्वीकार करते हुए डिप्टी रजिस्ट्रार ने संशोधित आदेश पारित किया। इसके अनुसार, बिरेंद्र बाबू वर्मा पक्ष से कपिल वशिष्ठ, प्रदीप चौधरी और मोनू त्यागी तथा संजीव चौधरी पक्ष से उमेश (पप्पू) नागर, अनुज राघव और हरेन्द्र यादव – सभी को अस्थायी समिति का सदस्य घोषित किया गया है। अब यह छह सदस्य मिलकर शांति और सहयोग से रामलीला का आयोजन करेंगे। आयोजन संपन्न होने के बाद यह समिति स्वतः ही भंग मानी जाएगी।

## मयंक गोयल : आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में जिम्मेदारियां तय



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी सुधारों और आत्मनिर्भर भारत के नए अध्याय पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि इन सुधारों से समाज के हर वर्ग को लाभ होगा और ह्यवोकल फॉर लोकल की भावना को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि गाज़ियाबाद महानगर में अभियान को सशक्त बनाने के लिए जिम्मेदारियाँ तय कर दी गई हैं। इसके अंतर्गत सुशील गौतम को महानगर संयोजक, जबकि प्रदीप चौधरी, प्रहलाद दुआ और नीरू शर्मा को सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। मयंक गोयल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान केवल नारा नहीं बल्कि समाज की ताकत को दिशा देने का माध्यम है। गाज़ियाबाद में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर हम स्वावलंबी भारत की राह पर ठोस कदम बढ़ाएंगे।

## शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में प्रचारक की भूमिका निभा चुके एवं प्रखर विचारक महेश गोयल ( पिता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ) को उनके जन्मदिवस पर दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी ने उनके प्रतिष्ठान दमियाज पर पहुँचकर बधाई दी। इस मौके पर उनकी सुपुत्री हिमाद्री अग्रवाल एवं शिवांश गोयल भी मौजूद रहे। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर महेश गोयल को शुभकामनाएँ दीं।

# जेएमएस कॉलेज मसूरी में पुलिस संवाद कार्यक्रम आयोजित

## एसीपी बोली त्यौहारों को लेकर रहे अलर्ट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के आदेश पर एसीपी लिपि नगायच, थाना प्रभारी मसूरी अजय चौधरी व थाना मसूरी पुलिस टीम द्वारा जेएमएस कॉलेज मसूरी में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के 100 से अधिक सम्भ्रान्त व्यक्तियों, जिनमें पार्षद, डॉक्टर, व्यापारी, उद्योगपति, मीडियाकर्मी, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान एसीपी ने कमिश्नरेट गाजियाबाद में प्रचलित पुलिस बीट प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही थाना मसूरी क्षेत्र के सभी बीट एसआई/बीपीओ के मोबाइल नम्बर उपस्थित लोगों के साथ साझा किए गए। लोगों को यह भी अवगत कराया गया कि यदि पासपोर्ट सत्यापन, चरित्र प्रमाण पत्र, शिकायत या किरायेदार सत्यापन आदि कार्यों में किसी बीट अधिकारी द्वारा आर्थिक लाभ लेने की बात कही जाए तो तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों तक पहुँचाई जाए। संवाद कार्यक्रम में उपस्थित सम्भ्रान्त व्यक्तियों ने कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस प्रणाली की सराहना की और कहा कि इस व्यवस्था का प्रचार-प्रसार आम जनमानस तक किया जाएगा।

## चिन्टू जी





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# 'अब कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं बची', एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ दो जीत के बाद सूर्यकुमार का तंज

**नई दिल्ली।** दुबई में खेले गए एशिया कप 2025 सुपर-4 मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर आसानी से हरा दिया। भारत ने 172 रनों का लक्ष्य छह विकेट शेष रहते हासिल किया और टूनार्मेंट में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। मैच के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक ऐसा बयान दिया जिसने सबका ध्यान खींचा।

सूर्यकुमार ने कहा कि अब भारत-पाकिस्तान मैचों को 'प्रतिद्वंद्विता' कहना बंद कर देना चाहिए। उनका यह बयान सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। सूर्यकुमार ने साफ कर दिया कि भारत-पाकिस्तान मैच अब किसी हाई-प्रोफाइल राइवलरी के बजाय एक सामान्य मुकाबला बन गया है और भारतीय टीम के लिए पाकिस्तान को हराना बाएं हाथ का खेल है।




### 'अब कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं बची'

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब एक वरिष्ठ पाकिस्तानी पत्रकार ने उनसे पूछा कि क्या दोनों टीमों के खेल के स्तर में बहुत बड़ा अंतर आ गया है, तो सूर्यकुमार मुस्कुराते हुए बोले, 'सर, मेरी आपसे अपील है कि अब भारत बनाम पाकिस्तान मैच को प्रतिद्वंद्विता कहना बंद कर दीजिए।' पत्रकार ने स्पष्ट किया कि वह प्रतिद्वंद्विता नहीं बल्कि स्टैंडर्ड की बात कर रहे थे। इस पर सूर्यकुमार ने चुटकी लेते हुए कहा, 'सर, प्रतिद्वंद्विता हो या स्टैंडर्ड, बात एक ही है। प्रतिद्वंद्विता तब होती है जब दो टीमें 15 मैच खेलें और स्कोर 7-7 या 8-7 हो, उसे अच्छा क्रिकेट खेलना बोलते हैं। 13-0, 10-1 (से भारत आगे है)...मुझे पता नहीं क्या स्टैट है, लेकिन अब यह कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं है।' इसके बाद सूर्यकुमार मुस्कुराते हुए प्रेस रूम से बाहर निकल गए।

### भारत-पाकिस्तान टी20 रिकॉर्ड

भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक 15 टी20 मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें से 12 में भारत विजयी रहा है। पाकिस्तान केवल तीन मैच जीत सका है। इस रिकॉर्ड से साफ है कि हाल के वर्षों में भारत ने इस प्रतिद्वंद्विता में पूरी तरह दबदबा बनाया है। इतना ही नहीं, एशिया कप में वनडे और टी20 दोनों प्रारूपों को मिलाकर भारत और पाकिस्तान की टीमें 21 बार आमने-सामने आ चुकी हैं। इनमें से भारत ने 12 मुकाबले जीते हैं और पाकिस्तान ने छह मैच जीते हैं। तीन मैच बेनतीजा रहे हैं। दुबई में दोनों टीमें पांच बार टी20 में भिड़ चुकी हैं। इनमें से भारत को तीन मैच में जीत मिली, जबकि पाकिस्तान ने दो मैच जीते हैं।

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम बेहतरीन क्रिकेट खेल रही है। बल्लेबाजी में शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा जैसी युवा जोड़ी शानदार शुरूआत दे रही है, जबकि मिडिल ऑर्डर में सूर्यकुमार खुद अहम पारी खेल रहे हैं। गेंदबाजी में भी टीम लगातार मैच में वापसी कर रही है।

भारत के लिए अभिषेक ने शानदार बल्लेबाजी की और 39 गेंदों पर छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से 74 रन बनाए। उन्होंने गिल के साथ पहले विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी की। वहीं, कप्तान सूर्यकुमार खाता नहीं खोल सके। संजू सैमसन भी 13 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हार्दिक पांड्या सात रन और तिलक वर्मा 19 गेंद में 30 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के लगाए।

### भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया

भारत ने एशिया कप के सुपर चार चरण के मैच में पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर विजयी अभियान जारी रखा है। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पाकिस्तान ने साहिबजादा फरहान के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन बनाए। जवाब में अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने भारत को दमदार शुरूआत दिलाई और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई। भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 174 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

## उसैन बोल्ट एक अक्तूबर को भारत में खेलेंगे एग्जिबिशन फुटबॉल मैच, मुंबई में होगा मुकाबला




**नई दिल्ली।** महान फरार्टा धावक उसैन बोल्ट एक अक्तूबर को एक नुमाइशी फुटबॉल मैच के लिये भारत आएंगे। आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता महानतम खिलाड़ियों में से एक बोल्ट महान फुटबॉल खिलाड़ियों, बॉलीवुड हस्तियों और अन्य जाने माने लोगों के साथ फुटबॉल मैच खेलेंगे।

बोल्ट बेंगलुरु एफसी और मुंबई सिटी एफसी दोनों के लिए एक-एक हाफ में खेलेंगे। वह 30 सितंबर से शुरू हो रहे प्यूमा के दो दिवसीय जश्न के सिलसिले में यहां आ रहे हैं। फैंस को इस मैच के लिए टिकट खरीदने होंगे।

प्यूमा भारत के प्रबंध निदेशक कार्तिक बालागोपालन ने कहा, 'हमारा मानना है कि खेलों में समुदायों को प्रेरित करने और एकजुट करने की ताकत है । फुटबॉल भारतीय युवाओं में सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है और उसेन बोल्ट को यहां फुटबॉल खेलने के लिये बुलाकर हम इसका जश्न मनाना चाहते हैं।'

### फुटबॉल के प्रति बोल्ट का जुनून

ट्रैक से बाहर भी बोल्ट हमेशा फुटबॉल के लिए जुनूनी रहे हैं। बचपन में वह अक्सर फुटबॉल खेलते थे और मैदान पर अपनी रफ्तार और स्किल दिखाने का सपना देखते थे। एथलेटिक्स से संन्यास लेने के बाद भी उन्होंने इस खेल को गंभीरता से अपनाया, ट्रेनिंग की, ट्रायल और एग्जिबिशन मैच खेले और गोल भी दागे।

## हार्दिक पांड्या ने फखर जमां को आउट करते ही बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया। एशिया कप-2025 के सुपर-4 के मैच में पांड्या ने पहले बल्लेबाजी कर रही पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमां को आउट किया और इसी के साथ एक अनोखा काम किया है।




फखर तूफानी रफ्तार से रन बनाने के लिए जाने जाते हैं। वह इसी अंदाज में बल्लेबाजी भी कर रहे थे। उनकी इस पारी पर पांड्या ने फुल स्टॉप लगा दिया। तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर पांड्या ने फखर को विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। कैच क्लीन था या नहीं इस पर मैदानी अंपायरों ने तीसरे अंपायर से राय मांगी। तीसरे अंपायर ने रिप्ले देखने के बाद फखर को आउट दे दिया।

### पांड्या ने बनाया रिकॉर्ड

इस विकेट के साथ ही पांड्या ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वह भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए टी20 इंटरनेशनल मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। फखर का विकेट उनका पाकिस्तान के खिलाफ आठ पारियों में 15वां विकेट था। इससे ज्यादा कोई भी गेंदबाज इस मुकाबले में उनसे ज्यादा विकेट नहीं ले सका है।

पाकिस्तान के खिलाफ पांड्या का ये आठवां टी20 इंटरनेशनल है और इन सभी में पांड्या ने विकेट लिए हैं। एक भी मैच ऐसा नहीं गया है जब पांड्या ने पाकिस्तान के बल्लेबाजों को आउट नहीं किया हो। इस मैच में भी उन्होंने यही क्रम जारी रखा।

तीसरे अंपायर के आउट देने के बाद भी फखर निराश दिखे। उनका मानना था कि गेंद संजू के दस्तानों में जाने से पहले जमीन पर लगी है और इसलिए वह निराश दिखे। ड्रेसिंग रूम में जाकर वह कोच से भी इस बात की शिकायत कर रहे थे। फखर ने नौ गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 15 रन बनाए।

## जोहोर कप हॉकी में भारतीय जूनियर टीम की कप्तानी करेंगे रोहित



**नई दिल्ली।** डिफेंडर रोहित 11 अक्तूबर से मलयेशिया में हो रहे सुल्तान जोहोर कप टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे और उनका लक्ष्य पिछली बार के कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टूर्नामेंट 18 अक्तूबर को खत्म होगा और यह 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए अहम होगा। भारत को 11 अक्तूबर को ब्रिटेन से खेलना है जबकि 12 अक्तूबर को सामना न्यूजीलैंड से होगा। भारत और पाकिस्तान का सामना 14 अक्तूबर को होगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया से 15 अक्तूबर को मैच है। राउंड रॉबिन चरण में आखिरी मैच 17 अक्तूबर को मलयेशिया से खेलना है। राउंड रॉबिन चरण से शीर्ष दो टीमें 18 अक्तूबर को फाइनल खेलेंगी।

भारत के कोच पी आर श्रीजेश ने कहा, 'टीम सुल्तान जोहोर कप की अच्छी तैयारी कर रही है। हमारे पास अच्छी टीम है और जूनियर विश्व कप को देखते हुए यह तैयारी का अच्छा मौका होगा जिसमें मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को आंक सकेंगे।'

**टीम :**

**गोलकीपर :** ब्रिकमजीत सिंह, प्रिंसदीप सिंह

**डिफेंडर :** रोहित (कप्तान), तालेम प्रियब्रत, अनमोल इक्का, आमिर अली, सुनील पीबी, रवनीत सिंह

**मिडफील्डर :** अंकित पाल, टी इंगेलम्बा लुवांग, अद्रोहित इक्का, अराइजीत सिंह हुंडल, रोशन कुजूर , मनमीत सिंह

**फॉरवर्ड :** अर्शदीप सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, अजीत यादव, गुरजोत सिंह

**स्टैंडबाय :** विवेक लाकड़ा, शारदानंद तिवारी, टी किंगसन सिंह, रोहित कुल्लू, दिलराज सिंह।

## क्रिकेट के बाद फुटबॉल में भी पाकिस्तान की फजीहत, सैफ अंडर 17 चैंपियनशिप में 3-2 से हराया



**नई दिल्ली।** सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप में भारत ने पाकिस्तान को 3-2 से हराया। रहान अहमद के विजयी गोल से भारत सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगा, जबकि पाकिस्तान का मुकाबला बांग्लादेश से होगा।

भारत और पाकिस्तान के बीच हर खेल मुकाबला खास होता है। चाहे क्रिकेट हो या फुटबॉल, दोनों टीमों की भिड़ंत रोमांच और जोश से भरपूर रहती है। श्रीलंका में चल रही सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। कोलंबो रेसकोर्स स्टेडियम में खेले गए ग्रुप-बी के मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 3-2 से मात दी और सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया।

### उतार-चढ़ाव से भरा मुकाबला

भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया यह मैच दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा। शुरूआत में ही भारतीय टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए बढ़त बनाई। लेकिन पाकिस्तान ने भी हार नहीं मानी और बराबरी हासिल कर ली। हाफ टाइम तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा।

### भारतीय गोल स्कोरर बने हीरो

इस मुकाबले में भारत की तरफ से दल्लुलमुआन गांगटे, गुंलेइबा वांगकेइराकपम और रहान अहमद गोल करने में सफल रहे। इन तीनों खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल और तेज आक्रमण से पाकिस्तान की डिफेंस लाइन को बार-बार परेशान किया। रहान अहमद का विजयी गोल मैच का सबसे अहम पल साबित हुआ।

### पाकिस्तानी खिलाड़ी का अनोखा जश्न

इस मुकाबले में सिर्फ गोल ही नहीं, बल्कि खिलाड़ियों की भावनाएं भी सुर्खियों में रहीं। पाकिस्तान की ओर से गोल करने वाले मुहम्मद अब्दुल्ला ने अपने जश्न से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने मैदान के किनारे जाकर चाय पीने का अभिनय किया। यह जश्न सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बन गया, क्योंकि भारत-पाकिस्तान मैचों में चाय अक्सर तंज और मजाक का हिस्सा रही है।

### सेमीफाइनल में भारत-नेपाल भिड़ंत

भारत ने इस जीत के साथ ग्रुप-बी में टॉप पोजीशन हासिल की और सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाइनल में भारतीय टीम का मुकाबला नेपाल से होगा, जबकि पाकिस्तान का सामना बांग्लादेश से होगा। दोनों सेमीफाइनल मुकाबले 25 सितंबर को खेले जाएंगे।

## डिकॉक ने वनडे से संन्यास के फैसले पर लिया यू-टर्न, पाकिस्तान दौरे के लिए टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** क्विंटन डिकॉक ने वनडे से संन्यास के फैसले पर यू-टर्न लिया है और उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में जगह मिली है। डिकॉक ने वनडे विश्व कप 2023 के बाद इस प्रारूप को अलविदा कह दिया था। उन्होंने उस वैश्विक टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया था और 594 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका का सफर हालांकि, सेमीफाइनल में थम गया था।



### विश्व कप के फाइनल में खेला आखिरी टी20

विकेटकीपर बल्लेबाज डिकॉक 2024 टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका टीम का हिस्सा थे और इसके बाद से उन्होंने फ्रेंचाइजी क्रिकेट पर ध्यान देना शुरू किया था। डिकॉक ने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच दक्षिण अफ्रीका के लिए भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में खेला था। डिकॉक की वापसी के बारे में बात करते हुए दक्षिण अफ्रीका के कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि यह टीम के लिए एक बड़ा बूस्ट है और उन्होंने उनके साथ सफेद गेंद के करियर के बारे में चर्चा की है।

कॉनराड ने कहा, डिकॉक की सफेद गेंद वाली टीम में वापसी हमारे लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है। जब हमने पिछले महीने उनके भविष्य के बारे में बात की थी तो यह स्पष्ट था कि उनमें अभी भी अपने देश का प्रतिनिधित्व करने की प्रबल महत्वाकांक्षा है। हर कोई जानता है कि वह टीम में क्या गुणवत्ता लेकर आते हैं और उनकी वापसी से टीम को ही फायदा होगा।

पाकिस्तान दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीका की टी20 टीम: डेविड मिलर (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जे, क्विंटन डिकॉक, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, लुंगी एनगिडी, नकाबा पीटर, लुआन-डॉ प्रिटोरियस, एंडिले सिमलेन, लिजाड विलियम्स।

दक्षिण अफ्रीका की वनडे टीम: मैथ्यू ब्रीट्जके (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जे, क्विंटन डिकॉक, टोनी डी जोरजी, डोनोवन फरेरा, ब्योर्न फोर्टुइन, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, लुंगी एनगिडी, नकाबा पीटर, लुआन-डॉ प्रिटोरियस।

दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम: एडेन मार्करम (कप्तान), डेविड बेडिंघम, कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, टोनी डी जोरजी, जुबैर हमजा, साइमन हार्मर, मार्को यानसेन, केशव महाराज (दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध), वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, कैगिसो रबाडा, रेयान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स, प्रेनेलन सुब्रायन, काइल वेरिने।

### पाकिस्तान दौरे पर नहीं जाएंगे बावुमा

यह फैसला डिकॉक के करियर को लेकर अनिश्चितता के दौर के बाद हुआ है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कभी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास नहीं लिया, लेकिन वह पूर्व कोच रॉब वाल्टर की योजनाओं का हिस्सा नहीं थे। दक्षिण अफ्रीका को इस दौरे पर टेम्बा बावुमा की सेवाएं नहीं मिलेंगी क्योंकि वह इंग्लैंड दौरे के दौरान लगी पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। एडेन मार्करम भी सीमित ओवरों की टीम में नहीं हैं जिसका मतलब है कि डेविड मिलर टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की कमान संभालेंगे और मैथ्यू ब्रीट्जके वनडे टीम के कप्तान होंगे। दक्षिण अफ्रीका की टीम पाकिस्तान दौरे पर दो टेस्ट, तीन टी20 और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी।

## वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज के लिए ये 4 खिलाड़ी मध्यक्रम के सबसे बड़े दावेदार, टीम इंडिया पर चोट का संकट भी




**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 खत्म होते ही भारतीय प्रशंसकों को कुछ दिनों तक टेस्ट क्रिकेट का मजा लेने का मौका मिलेगा। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज होने वाली है। हालांकि अब तक इसके लिए टीम की घोषणा नहीं की गई है। सबसे बड़ा सवाल मध्यक्रम को लेकर है। श्रेयस अय्यर का इस फॉर्मेट में वापसी लगभग तय है। अय्यर के अलावा भी कुछ दावेदार हैं, जिनपर चयनसमिति की नजरें होंगी।

एशिया कप 2025 अभियान के तुरंत बाद, सारा ध्यान कुछ समय के लिए टेस्ट क्रिकेट पर केंद्रित हो जाएगा। भारत 2 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए तैयार है। वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन मौजूदा बीसीसीआई चयन समिति इसी हफ्ते करेगी। माना जा रहा है कि इंग्लैंड दौरे पर गई टीम के जैसी ही टीम चुनी जाएगी। हालांकि, कुछ कमियां हैं जिन्हें चयनकर्ता भरना चाहेंगे। ऋषभ पंत अभी भी चोटिल हैं और इस सीरीज से बाहर हो सकते हैं। उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया जाएगा, वहीं भारत श्रेयस अय्यर को भी वापस बुलाकर करुण नायर की उम्मीदों पर पानी फेर सकता है।

## सोशल मीडिया पर शर्मनाक हरकत का वीडियो वायरल
# फैंस ने कोहली के नाम से चिढ़ाया तो भड़के हारिस रऊफ

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 सुपर-4 के हाई-वोल्टेज मैच में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया। यह टीम इंडिया की एशिया कप में लगातार दूसरी जीत रही। हालांकि, मैदान पर पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की एक शर्मनाक हरकत चर्चा का विषय बन गई। मैच के दौरान सीमा रेखा के पास फील्डिंग करते समय रऊफ ने भारतीय फैंस को उकसाने वाला जेस्चर किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

हारिस रऊफ ने पहले '6-0' का इशारा किया और फिर हाथ से विमान गिरने जैसा जेस्चर किया। भारतीय फैंस इसे बेहद आपत्तिजनक मान रहे हैं, क्योंकि यह जेस्चर कथित रूप से पाकिस्तान के उस दावे से जोड़ा जा रहा है जिसमें कहा गया था कि उन्होंने सैन्य संघर्ष के दौरान छह भारतीय फाइटर जेट गिराए थे।






### कोहली चैंट्स से भड़के रऊफ

मैच के दौरान हारिस रऊफ को बाउंड्री पर फील्डिंग करते समय भारतीय दर्शकों की तरफ से 'विराट कोहली... विराट कोहली' के नारे सुनने पड़े। फैंस उन्हें टी20 वर्ल्ड कप 2022 की याद दिला रहे थे, जब कोहली ने रऊफ के ओवर में लगातार दो छक्के जड़कर मैच पलट दिया था। इसी बीच रऊफ ने उकसाने वाले जेस्चर किए, जिससे माहौल और गरम हो गया।

### रऊफ की गिरी हुई हरकत

जो रऊफ ने इसके बाद किया, वह बेहद उकसाने वाला था। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज ने फैंस की ओर '6-0' का इशारा किया, जो पाकिस्तान के उस अप्रमाणित दावे की तरफ इशारा था कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान छह भारतीय लड़ाकू विमान गिराए थे। '6-0' जेस्चर के बाद रऊफ ने हाथ से हावभाव करते हुए विमानों के गिरने की नकल भी की। रऊफ की अभिषेक और शुभमन ने भी काफी धुनाई की थी। दोनों की शानदार बल्लेबाजी से चिढ़कर हारिस अभिषेक से भिड़ भी गए थे, लेकिन अभिषेक ने शानदार जवाब दिया था।

प्रैक्टिस सेशन में भी सुनाई दिए '6-0' नारे

ये विवाद मैच से एक दिन पहले ही शुरू हो गया था। दुबई स्थित आईसीसी अकादमी में पाकिस्तान टीम के ट्रेनिंग सेशन के दौरान भी खिलाड़ी 6-0, 6-0 चिल्लाते नजर आए थे। हालांकि उस समय इसे मजाक में खेल के स्कोर से जोड़कर देखा गया, लेकिन अब मैच के दौरान किए गए जेस्चर ने इस पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, भारतीय उनकी हरकतों पर मीम्स भी बना रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ कितने युद्ध जीते?' इसमें फैन ने हारिस के शून्य बनाने वाली तस्वीर लगाई है।

टी20 अंतरराष्ट्रीय में चौथा अर्धशतक पूरा होने के बाद 29 वर्षीय बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने भारत के सामने विवादित जश्न मनाया। उन्होंने हवा में बल्ले को लहराया और बंदूक का इशारा किया यानी गनफायर सेलिब्रेशन किया। फरहान के इस जश्न का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### भारत ने लगातार दूसरी बार हराया पाकिस्तान को

जहां मैदान के बाहर यह विवाद छाया रहा, वहीं मैदान पर भारतीय टीम ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को मात दी। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने 172 रनों का लक्ष्य छह विकेट रहते चेज किया।

### पाकिस्तान का डबल स्टैंडर्ड?

पाकिस्तान और उसके कई पूर्व क्रिकेटर्स बार-बार कहते हैं कि राजनीति और खेल को अलग रखना चाहिए, लेकिन मैदान पर ऐसे विवादित जेस्चर उनके खिलाड़ियों के रवैये पर सवाल खड़े करते हैं। भारतीय फैंस सोशल मीडिया पर कह रहे हैं कि यह खेल भावना के खिलाफ है। यह विवाद अभी और बढ़ सकता है क्योंकि फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञ सोशल मीडिया पर हारिस रऊफ की हरकत की आलोचना कर रहे हैं। कई लोग आईसीसी से इस पर कार्रवाई की मांग भी कर रहे हैं।